

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार–पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-01 सीहोर, मंगलवार 11 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं प्रयाग, संगम में लगाई आस्था की डुबकी



लखनऊ,(आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को प्रयागराज के दौरे पर पहुंच चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। स्नान के बाद उन्होंने पूजा-अर्चना भी की। उनके साथ यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी मौजूद रहे।इसके पहले राष्ट्रपति बमरौली एयरपोर्ट पहुंची। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी ने स्वागत किया। वहां से अरैल पहुंचीं, फिर बोट पर सवार होकर मुख्यमंत्री योगी और राज्यपाल के साथ संगम पहुंचीं और स्नान किया। इस दौरान उन्होंने पक्षियों को दाना भी खिलाया। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण है। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में पावन स्नान किया था। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति ने आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार दिया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वह बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। राष्ट्रपति डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी, जिसमें महाकुंभ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है।ज्ञात हो कि 13 जनवरी से अब तक 43.57 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इस दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई और भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया।

### किसानों का नया ऐलान, 14 को केंद्र से वार्ता सफल न हुई तो 25 को दिल्ली कूच करेंगे

राजपुरा (आरएनएस)। शंभू बैरियर पर आज प्रैस वार्ता को संबोधित करते हुए किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि अगर 14 फरवरी को केंद्र से बातचीत सफल न हुई तो 25 फरवरी को फिर से दिल्ली कूच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा लगाए गए मोर्चे को 1 साल पूरा होने वाला है। इसलिए 11 फरवरी को रतनपुरा, 12 फरवरी को खनौरी एवं 13 फरवरी को शंभू बैरियर पर विशाल जनसमूह एकत्र किया जाएगा। उन्होंने सभी किसानों को पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि तीनों फोरमों की जल्द ही बैठक बुलाई जा सकती है। किसान नेताओं ने संयुक्त मोर्चे को भेजे गए पत्र के बारे में कहा कि अगर किसी प्रकार के मतभेद हैं तो उसके लिए एक कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से जो पत्र लिखा गया है कि एसकेएम स्पष्ट करे कि किन मांगों पर सहमति की जानी है।

## प्रयागराज में लगा इतिहास का सबसे ‘भीषण’ जाम, एक घंटे का सफर तय करने में लग रहे 10 घंटे



नई दिल्ली,(आरएनएस)। तीन जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 43 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ में अभी 16 दिन बाकी हैं। वहीं, लोगों का प्रयागराज पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। इस बीच प्रयागराज का कोई भी कौना ऐसा नहीं है जहां पर जाम न हो। हालात ऐसे है कि व्यक्ति अगर एक जगह खड़ा है तो उसे अपनी जगह से आगे बढ़ने में ही काफी समय लग जाएगा।

प्रयागराज को जाने वाली सड़कों पर गाड़ियों का कई-कई किलोमीटर लंबा जाम लगा है। लोग ‘रोड अरेस्ट’ की गिरफ्त में हैं। सबसे बुरा हाल रीवा-प्रयागराज हाइवे पर लगा है। वहीं, भयंकर जाम को देखते हुए मध्य प्रदेश पुलिस ने लोगों से प्रयागराज न जाने की अपील की है। पुलिस ने लोगों से रास्ते से ही वापस लौट जाने की अपील की है। आम दिनों में प्रयागराज से रीवा जाने में डेढ़-दो घंटे का समय लगाता है लेकिन अब लोगों को इस दूरी को तय करने में आठ-10 घंटे का समय लगा। मध्य प्रदेश से प्रयागराज की ओर आने वाला हर रास्ता आकर रीवा-प्रयागराज हाइवे में मिलता है। माघी पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर संगम में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज के लिए निकल पड़े। इससे रीवा-प्रयागराज जाम हो गया। प्रयागराज में प्रवेश करने से पहले सोहागी घाटी पहाड़ी रास्ता है। वहां गाड़ियों की रफ्तार कम हो जाती है। इसलिए चाकघाट बॉर्डर से ही जाम ने विकराल रूप ले लिया। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

इसे देखते हुए रीवा के जिला प्रशासन ने प्रयागराज के जिला प्रशासन से संपर्क कर उनकी सलाह पर गाड़ियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन 24 घंटे जाम को निकलवाने की कोशिश में जुटा हुआ है।

## ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर पद छोड़ा



प्रयागराज (ए)। किन्नर अखाड़े में विवाद के बीच ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर पद छोड़ा दिया है। इस बात की घोषणा उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करके दी है। ममता ने कहा, आज किन्नर अखाड़े में मुझे लेकर विवाद है। उसके चलते इस्तीफा दे रही हूं। मैं 25 साल से साध्वी हूं और आगे भी साध्वी रहूंगी। एक्ट्रेस से महामंडलेश्वर बनीं ममता पर 10 करोड़ देकर पदवी लेने के आरोप लग रहे थे। प्रयागराज महाकुंभ में 24 जनवरी को उन्हें महामंडलेश्वर की पदवी दी गई थी। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉक्टर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उनका पिंडदान और पट्टाभिषेक कराया था। ममता को नया नाम श्रीयामाई ममता नंद गिरि मिला था। करीब 7 दिन तक वह महाकुंभ में ही रहीं थीं।

### प्रयागराज कुंभ से लौटते श्रद्धालुओं की बस दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत, 21 घायल

इटावा (आरएनएस)। नेशनल हाईवे पर भरथना पुल के ऊपर एक दर्दनाक सड़क हादसे में कुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 21 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना सुबह 6 बजे हुई, जब श्रद्धालुओं से भरी बस नोएडा जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ।

घायल श्रद्धालुओं को तुरंत इटावा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों की टीम घायलों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

श्रद्धालु प्रयागराज कुंभ स्नान के बाद घर लौट रहे थे। इस पवित्र यात्रा का अंत एक दुखद हादसे में बदल गया।

## हरियाणा BJP चीफ ने मंत्री अनिल विज को भेजा नोटिस, पार्टी अनुशासन तोड़ने का आरोप



अंबाला (ए)। हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की तरफ से हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार विज पर पार्टी अनुशासन तोड़ने और विचारधारा के खिलाफ काम करने का आरोप लगा है। इसके साथ ही स्टेट बीजेपी चीफ ने विज को अगले तीन दिन के भीतर नोटिस का जवाब मांगा है।

नोटिस में क्या लिखा है?

अनिल विज को जो नोटिस जारी किया गया है उसमें कहा गया है कि यह सूचित किया जाता है कि आपने हाल ही में पार्टी के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिए हैं। यह गंभीर आरोप हैं और यह पार्टी की नीति तथा आंतरिक अनुशासन के खिलाफ है। यह कदम न केवल पार्टी के विचारधारा के खिलाफ है, बल्कि यह उस समय पर हुआ है जब पार्टी पड़ोसी राज्य में चुनावों के लिए अभियान चला रही थी। नोटिस में आगे कहा है कि चुनावी समय में, एक सम्मानित मंत्रिपद वहन करते हुए, इस प्रकार की बयानबाजी से पार्टी की छवि को नुकसान होगा यह जानते हुए आपने ये बयान दिए है और यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के निर्देश अनुसार आपको यह कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। आपसे यह अपेक्षा करते हैं कि 3 दिन मे आप इस विषय पर लिखित स्पष्टीकरण दें।

### अंग दान की पूर्व सूचना देने वालों को राष्ट्रीय पर्व पर किया जाएगा सम्मानित

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एम्स भोपाल में हुए मध्य भारत के पहले हार्ट ट्रांसप्लांट से पुनर्जीवन प्राप्त करने वाले मरीज दिनेश मालवीय से उनकी कुशलक्षेम पूछी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए एम्स भोपाल की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गत दो वर्ष से मालवीय हृदय रोग से पीड़ित थे। उपचार से मिली राहत से मालवीय प्रसन्न है। अंगदान किस प्रकार लोगों को जीवन देने का माध्यम बनता है, यह ट्रांसप्लांट इस तथ्य को स्पष्टत: दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नर्मदापुरम निवासी मालवीय 22 जनवरी को एम्स भोपाल में भर्ती हुए और 23 जनवरी को उनका हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। अब वे पूर्णत: स्वस्थ है, संभवत: कल तक उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एम्स के डॉक्टरों व संपूर्ण टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि मानवता की सेवा के लिए टीम द्वारा किया गया कार्य प्रदेश को गौरवांवित करने वाला है।

## अखिलेश यादव का बयान : प्रयागराज महाकुंभ में भाजपा सरकार की विफलता पर कड़ी प्रतिक्रिया



लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में हो रही असुविधाओं और श्रद्धालुओं की परेशानियों को लेकर भा.ज.पा. सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालु महाकुंभ में आने-जाने के दौरान जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, वह भा.ज.पा. सरकार की नाकामी को उजागर करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को महाकुंभ में हुई भगदड़ और दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिवारों को 50-50 लाख रूपये का मुआवजा देना चाहिए।अखिलेश यादव ने महाकुंभ में यातायात व्यवस्था की खस्ता हालत को लेकर चिंता व्यक्त की और कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के रास्तों पर लाखों लोग घंटों तक जाम में फंसे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के लिए विशेष स्थान नहीं है, लोगों की देखभाल का कोई इंतजाम नहीं है, और मोबाइल की बैटरियां खत्म हो जाने के कारण श्रद्धालुओं का संपर्क टूट गया है, जिससे स्थिति और भी चिंताजनक हो रही है।यादव ने कहा कि प्रशासन और सरकार की नाकामी के कारण किसी भी जिम्मेदार मंत्री या व्यक्ति का कहीं पता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख मंत्री पूरी तरह से नदारद हैं, जबकि सिर्फ सिपाही और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं।उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल-फ्री किया जाना चाहिए, ताकि यात्रा की बाधाएं कम हो सकें और जाम की समस्या हल हो सके। साथ ही, भा.ज.पा. के नेताओं पर आरोप लगाया कि वे श्रद्धालुओं को ही दोष दे रहे हैं, जबकि सरकार की व्यवस्था ही दोषपूर्ण है।अखिलेश यादव ने महाकुंभ में हो रही अव्यवस्थाओं के समाधान के लिए किसी सक्षम व्यक्ति को शासन की कमान सौंपने या सेना को व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपने का प्रस्ताव रखा, ताकि श्रद्धालुओं के लिए आपातकालीन व्यवस्थाएं की जा सकें।

### AAP विधायक अमानातुल्लाह खान के खिलाफ FIR दर्ज

नई दिल्ली(ए)। आम आदमी पार्टी के विधायक अमानातुल्लाह खान नई मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उन पर हत्या के आरोपी को भागने में मदद करने का आरोप है। वहीं, अमानतुल्लाह खान के समर्थकों द्वारा क्राइम ब्रांच की टीम के साथ धक्का-मुक्की करने की भी खबर सामने आ रही है।दरअसल, अमानातुल्लाह खान के खिलाफ दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शिकायत दी है। अपराध शाखा ने आरोप लगाया है कि अमानातुल्लाह खान और उसके सहयोगी ने हत्या के आरोप में पकड़े गए एक आरोपी को भागने में मदद की है। इस सिलसिले में पुलिस अमानातुल्लाह खान के घर पहुंची थी। लेकिन वहां न तो विधायक अमानातुल्लाह खान मिले और न ही फरार हुआ आरोपी मिला।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देवास के सोनकच्छ में जल कलश यात्रा में शामिल हुए




## भारत के टुकड़े-टुकड़े करने के लिए खर्च किए गए करोड़ों रुपए’, बीजेपी सांसद के आरोप से हड़कंप

नई दिल्ली (आरएनएस)। झारखंड के गोड्डा लोकसभा सीट से सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को संसद में यूएसएआईडी द्वारा गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी से जुड़े ट्रस्टों को फंडिंग देने के मामले को उठाया। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले में जांच की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के सांसदों ने जमकर नारेबाजी की।

निशिकांत दुबे ने कहा कि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूएसएआईडी को पूरी तरह से बंद कर दिया है। उन्होंने इसके पीछे का कारण बताया कि यूएसएआईडी वर्षों से केवल विभिन्न सरकारों को गिराने के लिए पैसा खर्च करती रही है और भारत के लिए इसके आंकड़े बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संसद में सरकार और विपक्ष से कई सवाल पूछे। दुबे ने प्रमुखता से पूछा कि क्या यूएसएआईडी ने ओपन सोसाइटी फाउंडेशन और जॉर्ज सोरोस को भारत में राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को पैसे दिए थे, ताकि देश को कमजोर किया जा सके? उन्होंने यह भी पूछा कि क्या ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को यूएसएआईडी से पैसा मिला था?

## महाराष्ट्र में बड़ी घटना, नांदेड में गुरुद्वारा के पास फायरिंग, दो लोग घायल



नांदेड (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नांदेड में गुरुद्वारा के पास सोमवार गोलीबारी की घटना हुई। इसमें दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को नांदेड में एक गुरुद्वारे के पास गोलीबारी की घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। दोनों तो तत्काल इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुद्वारा के गेट नंबर 6 के पास शहीदपुरा इलाके में तीन से चार लोगों ने दो युवकों पर कई राउंड फायरिंग की। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने गोलीबारी के पीछे का मकसद और इसमें शामिल लोगों की पहचान का पता लगाने के लिए मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि हाल ही में महाराष्ट्र के पालघर जिले में शिकार के दौरान एक व्यक्ति को उसके समूह के कुछ सदस्यों ने कथित तौर पर जंगली जानवर (सूअर) समझकर गोली मार दी थी। व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया था कि इस घटना के सिलसिले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या और अन्य अपराधों के तहत केस दर्ज किया गया। अधिकारी के अनुसार, ग्रामीणों का एक समूह जंगली सूअर के शिकार के लिए जिले के मनोर क्षेत्र के बोरशेती वन क्षेत्र में गया था। तभी ये घटना हुई थी।

### हेमंत सरकार जनादेश का अपमान बंद करे, अन्यथा भाजपा करेगी आंदोलन : बाबूलाल मरांडी

रांची (आरएनएस)। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जनादेश का अपमान और जनता से किए गए वादों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने राज्य में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभार्थियों को जनवरी एवं फरवरी की किस्त का भुगतान नहीं किए जाने, बुजुर्गों एवं विधवाओं की पेंशन लंबित रखे जाने और झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन पद पर नियुक्ति नहीं किए जाने को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार को लिखा, कल फरवरी महीने की 11 तारीख हो जाएगी। वादे के अनुरूप कल तक प्रदेश की सभी बहनों के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि चली जानी चाहिए, लेकिन अब तक सरकार पिछले जनवरी माह की राशि का भी भुगतान नहीं कर पाई है।





# हमारी सरकार का संकल्प है हर हाथ को काम, हर खेत को पानी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रयागराज जाने वाला मध्यप्रदेश का कोई भी तीर्थ यात्री भूखा प्यासा नहीं रहेगा

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को देवास के सोनकच्छ के ग्राम पीपलरांवा से एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खाते में 1553 करोड़ रूपए, 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रूपए और 81 लाख किसानों के खाते में 1624 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से अंतरित किये। उन्होंने कार्यक्रम में 144.84 करोड़ रूपये लागत के 53 कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रंजीत सागर परियोजना से आस-पास के गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। क्षेत्र में हरियाली छायेगी और किसान समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि कि पारस पत्थर से लोहा भी सोना बन जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर खेत को पानी और बिजली की सुविधा मिले तो किसान समृद्धशाली होंगे और फसलरूपी सोना जरूर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी और बिजली उपलब्ध करा रही है। हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने 20 वर्ष पहले जो नदी जोड़ो का सपना देखा था आज वह प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने हमें केन-बेतवा लिंक योजना के लिए 1 लाख करोड रुपए दिए हैं। इस योजना से




पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। एक अन्य 70 हजार करोड रुपए की पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना पर भी कार्य शुरू हुआ है। प्रदेश के प्रत्येक के गांव, एक-एक खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा। इस बार किसानों के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य होगा 2600 रूपए होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का उद्देश्य हर हाथ को काम और हर खेत को पानी देना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं की बेहतरी के लिए लगातार काम रही है। मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रदेश में प्रत्येक युवा को रोजगार मिले, इसके लिए इन्वेस्टर्स समिट कर उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार देकर दुनिया में भारत का मान बढ़ाना और मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाना हमारा उद्देश्य है। प्रदेश में महिलाओं, किसानों और सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के कल्याण के लिए प्रदेश में आगे बढ़कर कार्य किया जा रहा है। आज के समारोह में 1 लाख 27 करोड़ लाड़ली बहनों, 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों, 81 लाख किसानों को 2054 करोड़ रूपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से प्रदान की गई। प्रदेश सरकार योजनाओं के संचालन में कोई कमी नहीं रहने देगी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि प्रदेश की 76 लाख बहनों को गैस रिफिलिंग के लिए प्रति हितग्राही को 450 रूपये भी प्रदान किये गये हैं। उन्होंने लाड़ली बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रतिमाह 1250 रूपये की राशि दी जा रही है, इसे आगे चलकर 3000 रूपये तक करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ के मार्ग में अवरोध उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त हुई है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि मध्यप्रदेश के यात्रियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होने दें।

## राज्य आनंद संस्थान लोगों को कर रहा है आनंदित

भोपाल (निप्र)। राज्य आनंद संस्थान लोगों को आनंदित करने का लगातार प्रयास कर रहा है। संस्थान द्वारा सलाह दी जा रही है कि पर्याप्त अभ्यास और जागरूक होकर प्रयास करने से बिना किसी उपलब्धि या कारण के भी प्रसन्नचित्त रहा जा सकता है। प्रसन्नचित्त रहने के लिये विभिन्न गतिविधियों का माहवार कैलेण्डर जारी किया गया है। प्रत्येक माह का एक विषय तय किया गया है। तय विषय से संबंधित गतिविधियों को अभ्यासपूर्वक अपनाकर खुश रहा जा सकता है। जनवरी माह कृतज्ञता, फरवरी खेल, मार्च अल्प विराम, अप्रैल मदद, मई सीखने, जून संबंधों, जुलाई स्वीकार्यता, अगस्त लक्ष्यों, सितम्बर जागरूकता, अक्टूबर, नवंबर और दिसम्बर संगम को समर्पित किया गया है। आनंद के लिए इन विषयों से जुड़ी गतिविधियों का बार-बार अभ्यास करना जरूरी है।

## कृषि मंत्री ने दीं विश्व दलहन दिवस की शुभकामनाएं

भोपाल (ए)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने प्रदेशवासियों को विश्व दलहन दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि विश्व दलहन दिवस तुअर, मूसर, चना, मटर, मूंग, उड़द आदि दालों के महत्व और फायदों को दर्शाता है। यह प्रतिवर्ष 10 फरवरी को मनाया जाता है। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए दालें बहुत लाभकारी होती हैं। दालों में प्रोटीन, फाइबर, आयरन, विटामिन और मिनरल सहित कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं।

## प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए खाद्य मंत्री श्री राजपूत

### बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें ताकि बच्चे तनाव मुक्त रहे

### टारगेट बड़ा रखो, परीक्षा छोटी हो जाएगी: मंत्री श्री राजपूत

भोपाल (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देश के समस्त छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 सागर में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी का कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा देखा। श्री राजपूत ने बच्चों से कहा कि टाइम को मैनेज करना सीखें तथा टारगेट बड़ा रखें तो परीक्षा छोटी लगने लगेगी। मंत्री श्री राजपूत ने बच्चों से कहा कि परीक्षा हमारी मित्र है जो हमारे लिए आत्म-विश्वास तथा आगे बढ़ने का काम करती है। आज के बच्चे बहुत इंटेलिजेंट हैं। बस जरूरत है उनके आत्म-विश्वास को बढ़ाने की तथा उनके अंदर के हुनर को पहचानने की। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें ऐसे प्रधानमंत्री मिले जो बच्चों की परीक्षा के लिए भी चिंतित हैं तथा बच्चों के लिए वह परीक्षा में उत्तीर्ण होने तथा तनाव मुक्त रहने के सुझाव दे रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री छोटी से छोटी समस्या को लेकर भी चिंतित रहते हैं। उन्होंने बच्चों तथा उनके अभिभावकों को तनाव मुक्त रहने के जो टिप्स दिए हैं यह बहुत ही प्रेरक तथा आत्मविश्वास से भरने वाले हैं। सभी बच्चे प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिए गए टिप्स को फॉलो करें और तनाव मुक्त रहकर परीक्षा




दें। श्री राजपूत ने कहा कि यह परीक्षा केवल बच्चों की नहीं बल्कि अभिभावकों की भी होती है इसलिए अपने बच्चों से मित्रवत व्यवहार करते हुए उन्हें सुरक्षात्मक तनाव मुक्त माहौल प्रदान करें।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि परीक्षा में शिक्षकों तथा स्कूल प्रबंधन की बहुत अहम भूमिका है। आप सभी के मार्गदर्शन तथा शिक्षण कार्य से ही बच्चे आगे बढ़ाते हैं। परीक्षा के दौरान शिक्षक बच्चों का उत्साहवर्धन करें तथा आत्मविश्वास बढ़ाएं। शिक्षक सभी छात्रों की योग्यता को पहचानते हैं। छात्र तथा अभिभावकों के बीच शिक्षक महत्वपूर्ण कड़ी हैं जो दोनों में सामंजस्य स्थापित करते हैं। शिक्षक गण भी अभिभावकों को बच्चों की मनः स्थिति के बारे में जानकारी दें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक के प्राचार्य मनीष गुप्ता सहित सभी शिक्षक एवं स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## प्रयागराज महाकुंभ 2025: भारतीय रेलवे की विशेष व्यवस्थाएं

भोपाल (निप्र)। भारतीय रेलवे ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 के अवसर पर तीर्थयात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। महाकुंभ मेले में भारी संख्या में तीर्थयात्रियों की भागीदारी को देखते हुए रेलवे ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि महाकुंभ के दौरान यात्रियों की सुविधा और उनकी यात्रा को सहज बनाने के लिए रेलवे द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं।



**प्रमुख व्यवस्थाएं**

1. विशेष रेलगाड़ियाँ

भारतीय रेलवे ने तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विभिन्न गंतव्यों से प्रयागराज को जोड़ने वाली कई विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई हैं।

9 फरवरी 2025: प्रयागराज के सभी स्टेशनों से 12.5 लाख यात्रियों ने सफर किया। इस दिन कुल 330 ट्रेनों का संचालन किया गया, जो किसी भी अन्य दिन की तुलना में एक रिकॉर्ड है।

10 फरवरी 2025: अब तक प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से 191 ट्रेनें चलाई जा चुकी हैं, जिनसे 8.18 लाख यात्री सफर कर चुके हैं।

2. स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क

प्रयागराज के कुल 8 रेलवे स्टेशनों से पूरे देश के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं:

प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, सूबेदार गंज, प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज रामबन, झाँसी

3. स्पेशल ट्रेन संचालन

विशेष ट्रेनों के संचालन के लिए 150 नए LHB रेक और EMU रेक की व्यवस्था की गई है। विशेष ट्रेनों के दोनों ओर इंजन लगाए जा रहे हैं ताकि ट्रेनें तेजी से संचालित की जा सकें।

4. चिकित्सा सुविधाएँ

तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर चिकित्सा सुविधाएँ स्थापित की गई हैं।

5. सुरक्षा प्रबंधन

प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों को 24 घंटे CCTV निगरानी में रखा गया है। यह निगरानी प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे जोन और रेलवे बोर्ड द्वारा तीन स्तरों पर की जा रही है।

सभी प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है।

6. घोषणाएँ और प्रबंधन

सभी बड़े स्टेशनों पर विशेष ट्रेनों की जानकारी के लिए नियमित उद्घोषणाएँ कराई जा रही हैं।

प्रयागराज स्टेशन पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी, और मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ निरंतर कैंप कर रहे हैं।

7. पश्चिम मध्य रेल की भूमिका

9 फरवरी 2025 को पश्चिम मध्य रेल द्वारा 27 कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। भारतीय रेलवे की ये व्यवस्थाएँ महाकुंभ मेले के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और सहज यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हैं। रेलवे प्रशासन तीर्थयात्रियों की सेवा में निरंतर तत्पर है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन ( मुख्यमंत्री निवास ) मध्यप्रदेश के उत्तरप्रदेश से लगे सीमावर्ती जिलों के मार्गों से प्रयागराज जा रहे यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए वीडियो कांफ्रेंस की।

## संत रविदास जयंती के अवसर पर मंत्री श्री टेटवाल जीएसपी में करेंगे छात्रावास का लोकार्पण

भोपाल (निप्र)। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल संत रविदास जयंती पर एक दिन पूर्व 11 फरवरी को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में नव निर्मित छात्रावास का लोकार्पण करेंगे। साथ ही 400 छात्राओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ भी करेंगे । मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास की शिक्षाएं आत्म निर्भरता और श्रम की प्रतिष्ठा का मार्ग प्रशस्त करती हैं, जिसे साकार करने के लिए युवाओं को तकनीकी शिक्षा से सशक्त किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा संत रविदास के आदर्शों और उनके सामाजिक समरसता के संदेश पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी जाएगी।

## दलित स्कूली छात्रा को कमरे मे बंधक बनाकर युवक ने किया दुष्कर्म



भोपाल(ए)। देहात इलाके के सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में आरोपी युवक द्वारा आठवीं कक्षा की दलित छात्रा को अगवा कर कमरे में बंधक बनाकर ज्यादती किये जाने की घटना सामने आई है। घटना करीब दो सप्ताह पहले की है, आरोपी ने नाबालिग को धमकी दी थी कि यदि उसने किसी से शिकायत की तो वह उसे मार डालेगा। इस कारण पीड़िता चुप रही बीते दिनो आरोपी फिर से नाबालिग पर संबंध बनाने का दबाव डालने लगा जिसके बाद छात्रा ने सारी बात अपने परिजनों को बताई और मामला थाने पहुंच गया। थाना पुलिस के अनुसार सूखी सेवनिया क्षेत्र के एक गॉव में रहने वाली 14 वर्षीय दलित किशोरी स्कूली छात्रा हैं। उसके गॉव में ही आरोपी राहुल भी रहता है, एक ही गांव में रहने के कारण किशोरी की राहुल से जान पहचान थी, और उनके बीच बातचीत भी होती थी। आरोप है कि बीती 25 जनवरी को शाम करीब साढ़े पांच बजे आरोपी बहला-फुसलाकर नाबालिग को अपने साथ ले एक कमरे में ले गया। और वहॉ उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। ज्यादती के बाद आरोपी ने उसे समाज में बदनाम करने सहित मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। आरोपी की धमकी के डर से नाबालिग ने परिजनों को उसकी करतूत नहीं बताई। उसके चुप रहने से आरोपी की हिम्मत बढ़ गई और वह दोबारा छात्रा पर संबध बनाने का दबाव डालते हुए परेशान करने लगा। तंग आकर किशोरी ने परिजनों को सारी बात बताई, परिवार वाले उसे थाने लेकर पहुंच गये।

## भारतीय रेलवे महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए युद्धस्तर पर कार्यरत

भोपाल (निप्र)। प्रयागराज क्षेत्र के आठों स्टेशन, जिनमें प्रयागराज जंक्शन शामिल है, पूरी तरह से संचालित हैं। रेलवे ने रविवार को 330 ट्रेनें और आज दोपहर 3 बजे तक 201 ट्रेनें चलाईं, ताकि तीर्थयात्रियों की भीड़ को संभाला जा सके। रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने 12 जनवरी 2025 को होने वाले अगले अमृत स्नान, माघी पूर्णिमा के पहले तीर्थयात्रियों की भीड़ और रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की। भोपाल 7 लगातार भारी भीड़ के बावजूद, भारतीय रेलवे युद्धस्तर पर काम कर रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को महाकुंभ में लाने और स्नान के बाद उनके घर पहुंचाने की सुविधा प्रदान की जा सके। एक दिन पहले आई एक भ्रामक मीडिया रिपोर्ट का खंडन करते हुए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि प्रयागराज क्षेत्र के आठ विभिन्न स्टेशनों से लगभग 330 ट्रेनों के माध्यम से 12 लाख 50 हजार यात्रियों को उनके घर पहुंचाया गया। भीड़ कम न होने के बावजूद, भारतीय रेलवे इन स्टेशनों से हर 4 मिनट में एक ट्रेन चलाकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि श्रद्धालुओं को उनके पवित्र स्नान के बाद प्रतीक्षा न करनी पड़े। अगले पवित्र माघी पूर्णिमा अमृत स्नान से पहले, एक रेक औसतन 3780 यात्रियों को एक बार में ले जा रही है, जो दर्शाता है कि भीड़ अभी भी कम नहीं हुई है। ज़ोनल और मंडल रेल अधिकारियों के साथ एक बैठक में स्थिति की समीक्षा करते हुए, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ, श्री सतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलवे द्वारा की जा रही सभी सेवाओं और प्रयासों को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रयागराज जंक्शन सहित अन्य सात स्टेशन - प्रयागराज छिवकी, नैनी, सुबेदारगंज, प्रयाग, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूंसी पूरी तरह से संचालित हैं।

## स्कूल बस की टक्कर से बीएससी छात्रा की मौत

भोपाल(ए)। निशातपुरा इलाके में तेज रफ्तार स्कूल बस ने स्कूटी सवार बीएससी छात्रा को टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रुप से घायल युवती को इलाज के लिये निजी अस्पताल पहुंचाया गया था जहां कुछ घंटे चले इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक शंकर नगर में रहने वाली नम्रता अहिरवार पुत्री गनपत सिंह (23) बीएससी की छात्रा थी, साथ ही गांधी नगर में प्रायवेट जॉब करती थी। रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह स्कूटी से करोंद होते हुए गांधी नगर की ओर जा रही थी। शाम करीब पॉच बजे एलेस्की गार्डन के सामने उसे बंसल स्कूल कीतेज रफ्तार बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए नम्रता के दो पहिया वाहन को टक्कर मार दी। बस की चपेट में आने से बुरी तरह घायल होने पर उसे नाजूक हालत में इलाज के लिये पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहॉ उसे भर्ती कर उपचार शुरु किया गया। इलाज के दौरान रात करीब 9 बजे उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सबनानी ने कमला नेहरु स्कूल में बच्चों के साथ सूना परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

भोपाल (आरएनएस)। वार्षिक परीक्षा का समय नजदीक आते ही विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर मानसिक तनाव बढ़ जाता है, और परीक्षा में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन को लेकर तनाव कब उनके दिल में घर कर जाता है इसका पता ही नहीं चलता। इसी तनाव को कम करने और बच्चों को सहज होकर अपनी परीक्षाओं की तैयारी में किस प्रकार समय का सही उपयोग कर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने महत्वपूर्ण कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को सोमवार विद्यार्थियों संग चर्चा की और उन्हें परीक्षाओं में तनाव कम करके बेहतर अंक लाने के लिए क्या आवश्यक है इसका मंत्र दिया। राजधानी की दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत कमला नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल में भी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने स्कूल के विद्यार्थियों संग परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को देखा एवं विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा के तनाव को कैसे काम किया जाता है पर चर्चा की, और कई विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।इस अवसर पर सबनानी ने स्कूल के विद्यार्थियों से कहा की परीक्षा के समय अपने मन में किसी भी प्रकार का भय नहीं रखना चाहिए और अपनी मेहनत पर भरोसा कर अपनी तैयारी को आगे बढ़ना चाहिए, समय का सही उपयोग हो सके इसके लिए एक अच्छा टाइम टेबल बनाएं और उसके अनुसार अपनी दिनचर्या का समय का अधिक से अधिक उपयोग पढ़ाई के लिए करें, पर पढ़ाई के साथ ही थोड़ा समय रिलैक्स होने के लिए भी अपने पास रखें और अपने खान-पान के साथ ही अपनी नींद का भी पूरा ध्यान रखें, और इस महत्वपूर्ण समय में सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बना लें, आपकी की गई मेहनत ही आपको बेहतर से बेहतर परिणाम दिला सकती है और आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती है इसलिए स्वयं पर विश्वास रखें और पूरी लगन के साथ पढ़ाई करें।

## सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें-सीईओ तिवारी

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आगामी समाधान ऑनलाइन के लिए चिन्हित विषयों की समीक्षा की एवं लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। सीईओ इला तिवारी ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अंकुर मेश्राम, प्रकाश नायक, एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## खराब सड़कों के विरोध में श्रमिक संगठन ने रोपे बेशर्म के पौधे

भोपाल (आरएनएस)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) से ठीक पहले खराब सड़कों को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस समर्थित संगठन के श्रमिक नेता दीपक गुप्ता के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा समेत कई नेता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पिपलानी पेट्रोल पंप से महात्मा गांधी चौराहे तक की जर्जर सड़क पर बेशर्म के पौधे रोपकर विरोध जताया। उनका कहना था कि 24-25 फ़रवरी को होने वाले जीआईएस में दुनियाभर के मेहमान भोपाल आएंगे, लेकिन शहर की सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब है। आए दिन लोग गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में रामपाल धोसले, अशोक शर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, कुनाल गजभिए, लोकेंद्र शर्मा, सतीश कनोजिया, सुशील प्रजापति, उपेंद्र सिंह और वीरु लाहौरी सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की।

## निगम अमले ने टी.टी.नगर क्षेत्र में हटाई 42 दुकानों सहित अवैध रूप से बने शेड

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सोमवार को जिला प्रशासन एवं स्मार्ट सिटी की कार्यवाही में सहयोग करते हुए टी.टी. नगर स्थित सीएम राईज स्कूल की बाउंड्रीवॉल के पास रखी दुकानों के अलावा एम.ए.सिटी कॉलेज, जवाहर चौक आदि क्षेत्रों से ठेले, गुमठी के अलावा अवैध रूप से निर्मित शेड, दुकाने, छप्पर आदि तोड़ने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देषों के परिपालन में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सोमवार को टी.टी. नगर स्टेडियम के समीप सी.एम.राईज की बाउंड्रीवॉल के समीप अवैध रूप से लगी 42 दुकानों को जे.सी.बी मशीनों व श्रमिकों के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की। निगम अमले ने दुकानों के अलावा अन्य प्रकार के अतिक्रमणों को भी हटाया। निगम अमले ने एम.ए.सिटी कॉलेज व जवाहर चैक क्षेत्र में भी अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से लगाए गए ठेले, गुमठी, शेड, छप्पर आदि को भी तोड़ा। निगम अमले ने समझाइश भी दी कि पुनः अतिक्रमण न करें अन्यथा और अधिक कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# संतुष्टि के साथ कराएँ सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण - कलेक्टर श्रीमती चौहान

## -निराकरण की स्थिति ठीक न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश

ग्वालियर (ए.)। आवेदक की संतुष्टि के साथ सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण कराएँ। कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ कर्मचारियों पर निर्भर न रहकर सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को स्वयं देखें और संतुष्टि के साथ निराकरण कराएँ। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अंतर विभागीय समन्वय बैठक में सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने हर बार की तरह मीटिंग से शिकायतकर्ताओं को फोन लगवाकर निराकरण की स्थिति जानी। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जल संसाधन विभाग की शिकायतों के निराकरण की स्थिति ठीक न पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा जल संसाधन संभाग ग्वालियर व डबरा के कार्यपालन यंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई के लिये प्रमुख सचिव को प्रस्ताव भेजा जायेगा। शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता ठीक न पाए जाने पर उन्होंने सहकारिता विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई शिकायत बिना अटेंड किए अगले स्तर पर जाए तो इसके लिये जिम्मेदार कर्मचारी-अधिकारी को नोटिस देने तक सीमित न रहकर उसका वेतन काटें। अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ व अन्य उपज के उपार्जन के लिये किसानों के पंजीयन में तेजी लाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने जिला आपूर्ति नियंत्रक व सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में स्वीकृत सभी 37 खरीदी केन्द्र सक्रिय रहें, जिससे किसानों को पंजीयन में दिक्कत न आए। उन्होंने घर बैठे किसान एप या एमपी ऑनलाइन, सीएससी इत्यादि के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराने के लिये भी कहा। बैठक में फॉर्मर आईडी व ई-केवायसी, विकासखंड स्तर पर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने के लिये हर शुक्रवार को लगाए जा रहे शिविरों की समीक्षा की गई। साथ ही वन विभाग से संबंधित निर्माण विभागों की समस्याओं का समाधान भी बैठक में कराया गया।



बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, वन मंडलाधिकारी अंकित पाण्डेय, अपर कलेक्टर कुमार सत्यम व टी एन सिंह सहित जिले के एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने में आनाकानी करने वाली संस्थाओं के खिलाफ होगी कार्रवाई**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाई का अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को स्कूल में न आने के लिये बाध्य करने वाले सरकारी व निजी स्कूलों के प्राचार्यों व प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी स्थिति पाई जाए तो दिव्यांग बच्चे के माता-पिता या अभिभावक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कलेक्टर ने शिक्षण संस्थाओं में बच्चों के लिये बाधा रहित वातावरण बनाने के निर्देश भी बैठक में दिए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बैठक में मौजूद सभी एसडीएम एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुले में माँस-मछली बिक्री को रोकने के लिये चलाई गई मुहिम को फिर से तेज करें।

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

**अवमानना प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न**

दतिया (ए.)। आज कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के जबाव में संबधित अधिकारी किसी भी दशा में गलत जानकारी न भरे अन्यथा संबधित अधिकारी स्वयं ही इसके लिए जिम्मेदार रहेगा एवं उस पर कार्यवाही की जा सकती है। बैठक में कलेक्टर श्री माकिन ने सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को सख्त निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यालय में उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों का शीघ्र ही निराकरण करें। साथ ही निराकरण की जानकारी का इस कार्यालय को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर श्री माकिन ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कोई विभाग उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरणों में समय सीमा में ही निराकरण करें। उन्हें ज्यादा समय तक लंबित नहीं रखें, यदि कोई विभाग ऐसा करता है वह खुद जिम्मेदार रहेगा।

# ब्लॉक भाण्डेर में हुआ एम.डी.ए. कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

**डी.ई.सी. और एल्वेंडाजोल की दवा बचाएगी हाथी पांव रोग से : पूर्व विधायक श्री पिरौनिया**



दतिया (ए.)। भाण्डेर विकासखण्ड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही डीईसी और एल्वेंडाजोल की दवा खानी है। इन दवाओं के वर्ष में एक बार सेवन करने से हम हाथीपांव रोग से बचे रहेंगे और अपने ब्लॉक को फायलेरिया उन्मूलन की दिशा में ले जा पायेंगे। उक्त विचार पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया ने आज भाण्डेर स्वास्थ्य केन्द्र में मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए.) कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। श्री पिरौनिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर 10 फरवरी, 2025 से 25 फरवरी, 2025 तक चलने वाले कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर गोपालकृष्ण शर्मा, पन्नी लल्ला यादव, अशोक रजक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमन्त मण्डेलिया, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी भाण्डेर डॉ. आर.एस. परिहार, जिला मलेरिया अधिकारी दतिया डॉ. जयंत यादव, नागेन्द्र सिंह जिला मलेरिया अधिकारी सिंगरौली, अतुल अग्निहोत्री पीसीआई जिला कॉर्डीनेटर, दिनेश यादव प्रभारी फायलेरिया, आशीष दोहरे एमएसजी उपस्थित रहे। श्री पिरौनिया ने उपस्थित आमजन एवं अधिकारियों से हाथी पांव रोग से बचाव करने वाली दवाओं को लेने के साथ ही मच्छरों से बचाव रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम सभी को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे घरों के आस-पास साफ-सफाई हो, साथ ही गंदे पानी का निकासी का सुरक्षित प्रबंधन हो। ताकि फायलेरिया रोग फैलाने वाले मच्छर से होने वाले संक्रमण को रोका जा सके। समय-समय पर कीटनाशक दवाओं का भी उपयोग करना चाहिए।

## प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर श्री सक्सेना

जबलपुर(ए)। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि, सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निम्न गुणवत्ता से बंद किये गये सभी शिकायतों को देखें, साथ ही 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। इसके साथ ही कहा कि मांग क्लोजर व फोर्स क्लोजर करने की लास्ट डेट 14 फरवरी है। कलेक्टर श्री सक्सेना ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। अनुपस्थिति पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण व नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता व महत्वपूर्ण मामलों के साथ प्रकरणों के निराकरण के लिए लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ोनी में शिविर 13 फरवरी को

दतिया (ए)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमंत मंडेलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक मुरैना जिला में रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे। जिसमें जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर गंभीर बीमारियों का परीक्षण उपरांत जानकारी आयोजित होने वाले मुरैना शिविर में उपचार/सर्जरी करने हेतु भेजी जाएगी। जिसमें मरीजों का इलाज किया जा सके। जिले में जिन स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे उनमें 13 फरवरी 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ोनी में आयोजित होगा।

# कलेक्टर ने जल संचय जन भागीदारी के सम्बन्ध में बैठक ली

झाबुआ (ए)। कलेक्टर नेहा मीना ने जिले में जल संचय जन भागीदारी के सम्बन्ध में सम्पन्न गतिविधियों एवं आगे की कार्ययोजना के सम्बन्ध में बैठक ली गयी। जैसा की विदित है जल संचय जन भागीदारी पहल भारत सरकार के जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने के अटूट संकल्प का प्रतिबिंब है। यह पहल जल संरक्षण में जन भागीदारी के महत्व पर जोर देती है और सभी हितधारकों से एकजुट कार्यवाही के लिए एक प्रतिज्ञा को मूर्त रूप देती है, जिसका उद्देश्य अन्य गतिविधियों के अलावा कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं/बोरवेल पुनर्भरण शाफ्ट के निर्माण पर विशेष ध्यान देना है। बैठक में भूजल पुनर्भरण के तहत बनाये गये स्ट्रक्चर एवं विभिन्न पद्धतियों के सम्बन्ध में चर्चा की गयी एवं जिले में भूजल पुनर्भरण के तहत गतिविधियों, अपनायी गयी पद्धतियों एवं स्ट्रक्चर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिले में जल संचय जन भागीदारी के तहत 1 अप्रैल से 31 मई 2025 तक निर्माण कर विभिन्न जल संचयन स्ट्रक्चर बनाये जाने की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी।




कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि प्रत्येक गांव में कम से कम 5 भूजल पुनर्भरण एवं सरफेस वाटर रिचार्ज के स्ट्रक्चर बनाये जाये। शासन के निर्देशानुसार 60 प्रतिशत भूजल पुनर्भरण एवं 40 प्रतिशत सतही जल पुनर्भरण का वैटेज रखा जाए। जिले की टोपोग्राफी को देखते हुए भूजल पुनर्भरण को प्राथमिकता दी जाये। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि एक सहायक यंत्री को मास्टर ट्रेनर बना कर, दक्ष सब इंजीनियर की टीम गठित कर ट्रेनिंग दिलाई जाए। प्रत्येक गांव में 2 से 3 यूनीफॉर्म स्ट्रक्चर जो कुशल रूप से वॉटर रिचार्ज करने में सक्षम हो, की डिजाइंनिग पूर्ण की जाए।

टेक्निकल टीम से विफल स्त्रोतों एवं ट्यूबवेल-बोर वेल के पुनर्भरण हेतु स्टडी की जाए एवं समयानुसार 31 मई 2025 तक लक्ष्यपूर्ति की जाए। कलेक्टर ने हेण्डपम्प के समीप रिचार्ज पिट बनाकर पुनर्भरण के सम्बन्ध में जिले में बनाये गये स्ट्रक्चर के सम्बन्ध में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस प्रकार के स्ट्रक्चर जिले के प्रत्येक गांव में बनाये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर द्वारा पिछले सप्ताह देवझिरी तीर्थ स्थल पर भ्रमण के दौरान घाटों के चौड़ीकरण एवं अन्य सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव के विषय में सीईओ जनपद झाबुआ द्वारा कलेक्टर को तैयार किये गये प्रस्ताव के सम्बन्ध में अवगत भी कराया गया। इस दौरान मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर अक्षय सिंह मरकाम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यापार समाचार

# घर से करें टेडी बियर का बिजनेस, होगी लाखों की कमाई

नई दिल्ली (ए)। लव बड्स का महीना होता है. 10 फरवरी को टेडी डे आता है. ऐसे में आपके लिए एक शानदार बिजनेस आइडिया है. इसे आप कम पैसों में शुरू कर मोटी कमाई कर सकते हैं. हम बात कर रहे हैं टेडी बियर बनाने के बिजनेस के बारे में. बच्चा हो या बड़ा टेडी बियर का हर कोई दीवाना है. वैलेंटाइन डे, जन्मदिन या सालगिरह टेडी बियर लोग अक्सर गिफ्ट में देते है. इस बिजनेस को आप घर से शुरू कर सकते हैं और अच्छा खासा मुनाफा कमा सकते हैं।

**सरकार दे रही बढ़ावा**

भारत सरकार आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है. इस दिशा में खिलौने बनाने के व्यवसाय को भी बढ़ावा दे रही है. चाइना के खिलौनों की बढ़ती मांग को देखते हुए भारत सरकार ने अब देश में ही खिलौने बनाने पर जोर दिया है. इसका फायदा उठाकर आप भी इस बिजनेस में कदम रख सकते हैं.टेडी बियर बनाने के लिए आपको कपड़े, फर, धागा, और सिलाई मशीन की जरूरत होगी. इसके लिए लगभग 20,000 से 25,000 रुपये का निवेश हो सकता है. इससे आप अपने घर से ही टेडी बियर बनाने का काम शुरू कर सकते हैं।

**टेडी बियर की हमेशा बनी रहेगी मांग**

टेडी बियर और सॉफ्ट टॉयज की मांग हमेशा बनी रहती है. यह बच्चों के लिए तो होते ही हैं लेकिन बड़े लोग भी इन्हें उपहार या सजावट के रूप में खरीदते हैं. इस बिजनेस की कमाई काफी अच्छी हो सकती है. शुरूआत में निवेश कम रहेगा लेकिन जैसे-जैसे आप कारोबार बढ़ाएंगे आपकी इनकम भी बढ़ेगी. आप इसे छोटे पैमाने पर शुरू कर सकते हैं. इसमें वित्तीय जोखिम भी कम है।

# गोल्ड लोन का पैसा नहीं चुका रहे हैं लोग, वित्त मंत्री ने खुद किया खुलासा



नई दिल्ली (ए)। देश की वित्त मंत्री ने संसद में गोल्ड लोन एनपीए पर ऐसी जानकारी दी है, जिससे पूरी संसद हैरान रह गई है. वास्तव में गोल्ड लोन का एनपीए भी लगातार बढ़ता जा रहा है. वास्तव में जिन लोगों ने देश में गोल्ड के बदले में लोन लिया है. उसे चुका पाने में आम लोग असमर्थ दिखाई दे रहे हैं. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रश्नकाल के दौरान डीएमके नेता कनिमोझी करुणानिधि एक सवाल के जवाब में ये जानकारी दी है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर वित्त मंत्री ने किस तरह का खुलासा किया है।

**गोल्ड लोन एनपीए में इजाफा**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सवाल का जवाब देते हुए बताया कि शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों और अपर और मिड लेवल एनबीएफसी में गोल्ड लोन से संबंधित ग्रॉस एनपीए मार्च 2024 से जून 2024 तक 18.14 फीसदी बढ़ गया. उन्होंने कहा कि इसी अवधि के दौरान एससीबी में ग्रॉस गोल्ड लोन जीएनपीए में 21.03 फीसदी की वृद्धि हुई है. इसके अलावा, 30 जून, 2024 तक, एससीबी में गोल्ड लोन से संबंधित जीएनपीए रेश्यो 0.22 फीसदी था और अपर और मिड लेवल एनबीएफसी का ये रेश्यो 2.58 फीसदी देखने को मिला था. नॉन-बैंकिंग गोल्ड लोन लेंडर्स द्वारा सोने की नीलामी में तेजी से वृद्धि पर कनिमोझी करुणानिधि के सवालों के जवाब में वित्त मंत्री की ओर से यह डाटा शेयर किया गया है।

**ये नीलामी का प्रोसेस**

वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने जवाब कहा कि नीलामी में जाने के लिए एक बेहतर और पारदर्शी प्रोसेस है. यहइस नीलामी को तब तक नहीं की जा सकती है जब तक कि मूल्यांकन नहीं किया जाता है. साथ ही इस नीलामी को रेंडम रेट पर पर भी नहीं किया जाता है. वित्त मंत्री ने कहा कि एक बेंचमार्क रेट है जिसे एनबीएफसी को तय करना है, और मुझे लगता है कि पिछले तीन या चार महीनों में सोने की दर 80 फीसदी से कम नहीं होगी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद



मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। बैंक, धातु और पेट्रोलियम शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली हुई। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 548.39 अंक करीब 0.70 फीसदी की गिरावट के साथ सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 178.35 अंक तकरीबन 0.76 फीसदी नीचे आकर 23,381.60 अंक पर बंद हुआ। । जानकारों के अनुसार सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स के शेयर गिरे। वहीं दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं। वहीं अन्य बाजारों की बात करें तो एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बंद थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार बड़ी गिरावट में खुले। स्टील स्टॉक्स समेत आईटी और फाइनेंशियल स्टॉक्स में गिरावट की वजह से बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स सोमवार को 19.36 अंक गिरकर 77,840 पर खुला जबकि और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 37.50 अंक की गिरावट लेकर 23,522.45 पर खुला। हालांकि, कुछ ही देर में दोनों इंडेक्स में गिरावट बढ़ गई और सेंसेक्स 77,500 तथा 23,500 से नीचे फिसल गया।




नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम नई दिल्ली में राज्यों और राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का विस्तार पर नीति रिपोर्ट जारी करते हुए।

# रुपया 45 पैसे टूटकर 87.95 डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**- रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 87.50 पर बंद हुआ था**

मुंबई (ए)। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 45 पैसे टूटकर 87.95 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सभी इस्पात और एल्यूमीनियम आयातों पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा के बाद डॉलर सूचकांक 108 पर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि इस कदम से वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि चीन के भी पारस्परिक शुल्क लागू हो गए हैं।



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.94 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 87.95 के सर्वकालिक निचले स्तर तक फिसल गया, जो पिछले बंद भाव से 45 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.50 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 108.28 पर रहा।

# सोने और चांदी की कीमतों में मामूली राहत

**- दिल्ली में 24 कैरेट घटकर 86,810 रुपये, चांदी 99,400 रुपये**

नई दिल्ली (ए)। सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को मामूली राहत देखने को मिली है। देशभर में सोने की कीमतें बीते हफ्ते बढ़ने के बाद अब थोड़ा नीचे आई हैं। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव घटकर 86,810 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है, जबकि मुंबई में यह 86,660 रुपये प्रति 10 ग्राम है। हालांकि, बीते एक हफ्ते में 24 कैरेट सोने की कीमत में 2,180 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत में 2,000 रुपये का इजाफा हुआ है। चांदी की कीमत में भी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे निवेशकों और खरीदारों को थोड़ी राहत मिली है। चांदी 100 रुपये सस्ती होकर 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इंदौर के सराफा बाजार में 8 फरवरी को चांदी में 300 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई थी, जिससे औसत भाव 95,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया था। 7 फरवरी को दिल्ली के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बनी रही थी।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

### किसी की भी नहीं सुनेंगे राहुल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जब भी कुछ कहते हैं तो वह बहुत से लोगों को बहुत तरह से सोचने का मसाला भी दे देते हैं। कभी-कभी इतना अटपटा बोल देते हैं कि वह गैर कांग्रेसियों के बीच मजाक बन जाते हैं और फिर पूरी कांग्रेस को क्षतिपूर्ति के अनुष्ठान में लग जाना पड़ जाता है। चाहे उनका लोक सभा चुनाव के दौरान दिया गया शक्ति वाला बयान हो या हरियाणा चुनाव के दौरान दिया गया जलेबी के कारखाने वाला बयान हो। वह प्रायः अपने बयानों की गंभीरता को बनाए नहीं रख पाते। इस बार उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

दलित बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में आमंत्रित वक्त के रूप में उन्होंने कहा कि जब तक दलित और पिछड़े कांग्रेस के साथ थे तब तक आरएसएस सत्ता से दूर रहा, लेकिन 1990 के बाद यानी नरसिंह राव के शासनकाल में कांग्रेस दलित और पिछड़ों को अपने साथ जोड़कर नहीं रख सकी। अब वह कांग्रेस की इस गलती को सुधारना चाहते हैं। दलित और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस के भीतर ही क्रांति करेंगे।

आशा यह है कि दलित-पिछड़ों को अपनी पार्टी में जगह देकर दलित-पिछड़े समूह को अपनी पार्टी से जोड़ेंगे और अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करेंगे और उनके बल पर संघ और भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे। इसके लिए उन्होंने यह आशंका भी जताई है कि अपनी पार्टी में विरोध भी सहना पड़ सकता है लेकिन वह इस इरादे को पूरा करने के लिए किसी की भी नहीं सुनेंगे। यह हास्यास्पद स्थिति है कि कांग्रेस का शीर्षस्थ नेता एक नीतिगत प्रश्न को एक सामान्य बैठक में इस तरह से प्रस्तुत करे।

पहले उन्हें अपनी पार्टी के भीतर यह बात रखनी चाहिए थी पार्टी में दलित और पिछड़ों को क्या जगह दी जाए, कैसे दी जाए इसकी प्रक्रिया तय करनी चाहिए थी और जब एक स्पष्ट रणनीति निर्धारित हो जाती तो उसे जनता के सामने स्पष्टतः रखना चाहिए था। उन्हें यह भी समझना चाहिए था कि जो दलित और पिछड़े समूह स्वयं शक्तिशाली होकर इस या उससे गठजोड़ करने की स्थिति में हैं, वे राहुल गांधी की कृपा पर क्यों रहेंगे। लेकिन राहुल गांधी तो राहुल गांधी हैं। अब उनकी पार्टी तय करेगी कि उनके इस नीति वक्तव्य का वह क्या करे।



अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल।

# परीक्षा योद्धाओं की नई परिभाषाः परीक्षा के युद्धक्षेत्र से परे

**धर्मेंद्र प्रधान**

प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है - हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है, कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलेटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दर्शाते हुए, स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है।

एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्ठता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है। यह एक दार्शनिक ढांचा है जो वास्तव में हमारे प्रत्येक बच्चे में मौजूद विशिष्टता की सूक्ष्म रूपरेखा का वर्णन कर सकता है जो हमारे देश की उन्नति में योगदान देता है।

हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम शिक्षा में संपूर्ण सुधार लागू कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे की शैक्षिक यात्रा हमेशा रोमांचकारी और यादगार बनी रहे। बच्चे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के तनाव और दबाव से मुक्त रहें। यह दृष्टिकोण हमारे शैक्षिक सुधारों के केंद्र है, बुनियादी शिक्षा से लेकर शिक्षा और अनुसंधान के उच्चतम स्तरों तक।

कुछ साल पहले, हमारे युवा शिक्षार्थियों के लिए बाल वाटिका या खिलौना-आधारित शिक्षा ने व्यापक संदेह को आमंत्रित किया होगा। आज, एनईपी की बदौलत, ये अभिनव दृष्टिकोण प्रारंभिक शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला रहे हैं, जिससे सीखना कष्टदायक होने के बजाय एक आनंददायक कार्य बन गया है। हमारी नई शिक्षा प्रणाली यह मानती है कि



प्रत्येक बच्चा अपनी प्राकृतिक प्रतिभा के अनुसार विकास करता है।

हमारी क्रेडिट ट्रांसफर नीति जो एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट स्थापित करती है, एक और उन्नतिशील कदम आगे बढ़ाती है। यह माना जाता है कि जीवन का मार्ग हमेशा सीधा नहीं हो सकता है, बल्कि इसमें उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं और सीखना विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न गति से हो सकता है। शिक्षार्थी औपचारिक शिक्षा को रोक सकते हैं क्योंकि वे अपनी रुचि के अनुसार काम करते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं तथा अपने परिवार का समर्थन करते हैं। जब वे औपचारिक शिक्षा में वापस लौटते हैं, तो उनके अपने अनुभव और उपलब्धियां काम आती हैं और इन्हें महत्व दिया जाता है जो उनके क्रेडिट अकादमिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाता है। यह अनुकूलनियता इस बात को जोर देती है कि सीखने के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं, जो लोगों को उनके जीवन के किसी भी मोड़ पर सीखने के पारिस्थितिकी तंत्र में वापस लाते हैं।

सरकार ऐसी संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां परीक्षा में सफलता कभी भी संपूर्ण विकास पर हावी न हो, जिससे हमारे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान न हो। इस महत्वपूर्ण चुनौती को पहचानते हुए, हमारी सरकार ने परीक्षा से संबंधित तनाव को दूर करने में मदद करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बना दिया है। प्रधानमंत्री की अभूतपूर्व परीक्षा पे चर्चा पहल छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छात्रों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत ने परीक्षा की चिंता को राष्ट्रीय संवाद में बदल दिया है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं को लेकर होने वाली चिंता को दूर करने का प्रयास किया है, जो संवेदनशील दिमाग पर अनावश्यक दबाव डालती है।

प्रधानमंत्री के अपने जीवन और अनुभवों से लिए गए व्यावहारिक सुझावों को परीक्षार्थियों ने खूब सराहा है, जिससे उनका परीक्षा में तनाव मुक्त प्रदर्शन आश्वस्त हुआ है। सच्चे नेतृत्व के एक उदाहरण में, हम भारतीयों की भावी पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी नेता के समर्पण को देख रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है और राष्ट्र की प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर होना सुनिश्चित करता है। माता-पिता और समाज तथा नागरिक पर ये परिवर्तन केंद्रित है। परीक्षा पे चर्चा मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षण सहायक, वातावरण के महत्व को उजागर करने में परिवर्तनकारी रही है। यह एक ऐसी मानसिकता है जिसे केवल 10वीं और 12वीं के छात्रों की बोर्ड की कक्षाओं के अलावा सभी कक्षाओं और सभी उम्र के छात्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए । परीक्षा के समय दबाव और तनाव को दूर करने के सभी चरणों को सिखाया जाना चाहिए। रवींद्रनाथ टैगोर के बुद्धिमान शब्दों में, बच्चे को अपनी शिक्षा तक सीमित न रखें, क्योंकि वह किसी और समय में पैदा हुआ है। शैक्षिक परिवर्तन के प्रति हमारा दृष्टिकोण इसी ज्ञान से निर्देशित है। यह विचार कि शिक्षा में तनाव अनिवार्य है, इस समझ को बदलने की आवश्यकता है कि वास्तविक शिक्षा पोषण करने वाले वातावरण में पनपती है। जब समुदाय, शिक्षक और परिवार मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं जहां छात्र का विकास हो सकें, तो सफलता अवश्य मिलती है। कक्षा से लेकर खेल के मैदान तक, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों से लेकर अनुसंधान प्रयोगशालाओं तक, हमें ऐसे स्थान बनाने चाहिए जहां अलग-अलग प्रतिभाएं अपनी चमक पा सकें और विकास कर सकें। पारंपरिक एक-आकार-सभी-फिट दृष्टिकोण को बदलने की कोशिश की जा रही है ताकि एक से अधिक सूक्ष्म, उत्तरदायी प्रणाली को रास्ता दिया जा सके जो व्यक्तिगत क्षमता को पहचान सके और उसका विकास कर सकती हो। जैसे-जैसे हम विकसित भारत की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं, हमारी शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय परिवर्तन की एक प्रमुख आधारशिला के रूप में खड़ी है। हम मानते हैं कि हर कौशल में योग्यता होती है, हर यात्रा का मूल्य होता है, और हर बच्चे को उत्कृष्टता के लिए अपना अनूठा मार्ग खोजने का अधिकार है।

# मध्यम वर्ग को राहत देने वाला बजट

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग को मुस्कुराहट देते दिखाई दे रहा है। वित्त मंत्री बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ा कर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। वित्त मंत्री ने नये टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये तक की कमाई को टैक्स फ्री किया है। खास बात यह भी है कि बजट के तहत बीमा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की वर्तमान 74 फीसद की सीमा बढ़ा कर 100 फीसद किया गया है। इससे कंपनियों को ज्यादा पैसा मिलेगा और ऐसे में वे अपना विस्तार करेंगी और प्रीमियम भी कम होने से करदाता और मध्यम वर्ग लाभान्वित होगा।

निस्संदेह कोरोना काल के बाद मध्यम वर्ग को राहत देने की लंबर लगातार मांग तेज हुई है। सरकार ने विगत वर्षों में जहां गरीब लोगों के लिए ढेर सारी राहतों का ऐलान किया, वहीं कॉरपोरेट जगत पर भी सरकार ने ध्यान दिया। लेकिन सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पिछले छूट गया। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले विभिन्न बजटों में मध्यम वर्ग की चिंताओं पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। इस वर्ग पर लगाए गए कर की तुलना में इस वर्ग को सार्वजनिक सेवाओं के जरिए बहुत कम रिटर्न मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बजट सत्र की शुरु आत पर मध्यम वर्ग को सौगात देने के संकेत दिए थे।

साथ ही, वित्त मंत्री ने संसद में 2024-25 की जो आर्थिक समीक्षा पेश की उसमें भी वेतनभोगी और स्वरोजगार वाले मध्यम वर्ग की वास्तविक आय में कमी आने की बात स्वीकार की थी। ऐसे में वित्त मंत्री कोरोना काल के बाद देश के विकास का इंजन कहे जाने वाले मध्यम वर्ग के निजी उपभोग पर होने वाले खर्च में गिरावट से घटी हुई विकास दर को बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ी हैं। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी है।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। मजबूत मध्यम वर्ग भारत के ऊंचे विकास के सपने को आकार देने का आधार बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि बजट 2025-26 के मद्देनजर वित्त मंत्री सीतारमण के पास मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद रहा है। पिछले 10 वर्षों में लगातार आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांग लगा कर वृद्धि हुई है। ऐसे में करदाताओं, छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग के लिए टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बना कर खर्चे और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश बजट में दिखाई दी है। वित्त मंत्री ने मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नये टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है। नये टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हों।

नये बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की जिसके तहत 12 लाख रु पये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। आय के विभिन्न स्तरों पर टैक्सपेयर्स को बड़ी बचत का भी मौका मिलेगा। बजट 2025-26 में सीनियर सिटीजन के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन (मानक कटौती) की लिमिट 50,000 रु पये से बढ़ाकर एक लाख रु पये की गई है। नई टैक्स रिजीम के तहत वेतनभोगी वर्ग को 75,000 रु पये की छूट (स्टैंडर्ड डिडक्शन) का लाभ बना हुआ है। यद्यपि देश में कर सुधारों से आयकर के संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है, लेकिन अभी आयकर के कर दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। जहां 2025-26 के बजट से वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग को आयकर राहत संबंधी उपहार सौंपा है, वहीं उन्होंने बजट में आयकर सुधारों के लिए नई व्यवस्था का ऐलान भी किया है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक और विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं, या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से 8.09 करोड़ लोगों ने ही आयकर रिटर्न दाखिल किए।

## आज का राशिफल

मेष राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आपके द्वारा की जाने वाली मेहनत का फल जल्दी ही प्राप्त होगा। आज आप अपने कार्यों पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। किसी समस्या का हल आपके काम से ही मिलेगी। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे तो आप अपने काम में बढ़िया परफॉर्म करेंगे। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। बच्चों के किसी काम से मन प्रसन्न रहेगा। आज शांति से किसी भी समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब सही रहेगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना या बढ़ाना चाह रहे हैं तो आज उससे संबंधित शुरूआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी। भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी।

कर्क राशि:आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आपके अंदर आ रहे सकारात्मक बदलाव से परिवार के लोग प्रसन्न होंगे। अधूरे काम पूरे करने के लिए दिन सही है। लेनदेन के मामलों में आप भाग्यशाली रहेंगे।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित बना रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में अपना समय नष्ट न करें। कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे। अपने ऊपर कार्यों का अत्यधिक बोझ लेना आपको शारीरिक और मानसिक रूप से थका सकता है।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज बेवजह की उलझनों से दूर होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। आज आप कुछ समय मेडिटेशन और आराम के लिए अवश्य निकालें। आज आपको अपनों की सलाह बहुत काम आएगी। आज आप सूझबूझ से काम लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी के प्रलोभन में ना आएं, नहीं तो वह आपका फायदा उठा सकता है। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

तुला राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। कहीं रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है। आत्म चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। रिश्तेदार से चल रही अनबन किसी की मध्यस्थता से हल होगा। एक से अधिक स्त्रोतों से आय होगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों पर आपका ध्यान केंद्रित रहेगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहें, तो आपको सफलता प्राप्त होगी। युवाओं को किसी अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्ति का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अपनी सोच व समझ से निर्णय लेंगे, तो उसमें आपको लाभ अवश्य मिलेगा। समाज में आप अपनी एक अलग पहचान बनाएंगे।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बड़े बुजुर्गों व वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में आकर किसी प्रकार का निर्णय न लें। जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को व्यावहारिक तरीके से समझने का प्रयास करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे। आप अपनी कला का प्रदर्शन करके लोगों को हैरान करेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य को पूरा करने में सफल होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। विद्यार्थियों को इधर-उधर के कामों को छोड़कर अपनी पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस करना होगा, तभी सफलता हासिल कर सकेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही दिशा में प्रयास करेंगे तो आपको जरूर सफलता मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कुछ लोग आपकी आलोचना करेंगे और आपका ध्यान आपके लक्ष्य से भटका सकते हैं। नए व्यवसाय की योजना बनाने के लिए सही समय है। आपको अपने किसी मित्र से कई दिनों बाद मिलने का मौका मिलेगा।

# आखिर दिल्ली में क्यों ढ़हा 'आप' का किला?

**- योगेश कुमार गोयल**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढ़ह गया है। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है। 27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई?

दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। इन घटनाओं ने पार्टी की स्वच्छ राजनीति के दावे पर सवाल खड़े किए और जनता के विश्वास को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं 'वीआईपी कल्चर' के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे, भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली।

पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढ़ांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति' कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इसके अलावा, इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे 'आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढ़ांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढ़ेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी रखेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी।

विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया। इसका भी दिल्ली के मतदाताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिरकर महज 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप' को ऐसी 'आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया, जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया, उससे मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा और प्रधानमंत्री के 'आपदा' वाले नारे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ा। दिल्ली की आबादी में पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड) से आए लोगों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है और विपक्ष ने इस समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज करने के आरोप लगाते हुए आप सरकार को इस मुद्दे पर घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग की समस्या, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने देना, बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों ने पूर्वांचली समुदाय में असंतोष बढ़ाया। इस उपेक्षा के कारण इस समुदाय का समर्थन आप से हटकर अन्य दलों की ओर गया और इसका नुकसान आप को भुगतना पड़ा। बहरहाल, केजरीवाल का दावा था कि वे राजनीति में नैतिकता और शुचिता की राजनीति करने आए हैं लेकिन उन्होंने दूसरे राज्यों के चुनावों में जिस तरह से पैसा खर्च किया और दिल्ली में कोरोना काल के दौरान करोड़ों रुपये खर्च कर जो 'शीशमहल' बनवाया, उसे लेकर उन पर लगातार लगते रहे आरोपों का पार्टी के पास ही कोई कारगर जवाब नहीं था।





# 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगे : अमित शाह



बीजापुर (ए.)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए। पुलिस ने ऑपरेशन के दौरान इलाके से हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता मिली है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सली मारे गए और भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद हुए। आज हमने मानव विरोधी नक्सलवाद को ख़त्म करने के प्रयास में अपने दो वीर जवानों को खो दिया है। यह देश इन वीरों का सदैव ऋणी रहेगा। मैं शहीद जवानों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं अपना संकल्प भी दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश सेनक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े। बस्तर पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह जंगलों में मुठभेड़ हुई। बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने कहा कि बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए। मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के एक जवान सहित दो जवानों की जान चली गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

## सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे से उनके घर पर की मुलाकात

मुंबई,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेंद्र फडणवीस की राज ठाकरे से यह पहली मुलाकात है। हालांकि, यह पता नहीं चला है कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई? ऐसी संभावना है कि राज ठाकरे और भाजपा स्थानीय चुनाव में साथ आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा विधान परिषद के सदस्य प्रसाद लाड के मुताबिक, राज ठाकरे ने सीएम फडणवीस को मुंबई के दादर इलाके में शिवाजी पार्क के पास स्थित अपने आवास पर आमंत्रित किया था।

## अमानतुल्लाह खान के घर पहुंची दिल्ली पुलिस, समर्थकों पर कस्टडी से आरोपी को छुड़वाने का आरोप



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस ने नवनिर्वाचित ओखला विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और उनकी तलाश कर रही है। दावा किया जा रहा है कि उनके समर्थकों ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी को जबरन पुलिस हिरासत से छुड़ा लिया था। विधायक के समर्थक कथित तौर पर अपराध शाखा निरीक्षक सुनील कालखंडे के नेतृत्व वाली टीम पर हमले में शामिल थे। क्राइम ब्रांच हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी शाबाज़ खान को गिरफ्तार करने के लिए जामिया नगर इलाके में गई थी। आप विधायक खान के समर्थकों ने क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर सुनील कालखंडे के नेतृत्व वाली टीम पर हमला किया और आरोपी को भागने में मदद की। रिपोर्टों से पता चलता है कि जब यह घटना हुई तो खान खुद घटनास्थल पर मौजूद थे। कथित तौर पर, उनकी उपस्थिति में पुलिस कार्रवाई में बाधा डाली गई, जिससे आरोपी गिरफ्तारी से बच सके। दिल्ली पुलिस ने क्राइम ब्रांच टीम पर कथित हमले और हत्या के प्रयास के मामले में एक आरोपी के भागने के मामले में आप विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस की एक टीम खान को गिरफ्तार करने के लिए ओखला स्थित उनके आवास पर पहुंची। हालांकि, वह घर पर मौजूद नहीं थे। दिल्ली पुलिस की टीम ने घर के अंदर जाकर जांच की कि क्या खान वाकई घर पर नहीं है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली से फ्रांस के लिए रवाना हुए।

## कुंभ से लौट रहे यात्रियों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन महिलाओं की मौत, पांच घायल

हजारीबाग,(आरएनएस)। झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत रांची-पटना रोड पर चरही घाटी में सोमवार को एक सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गईं। सभी महिलाएं प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के बाद टाटा सुमो वाहन से रांची लौट रही थीं। घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है। मृत महिलाओं की पहचान गुमला की रहने वाली अंश देवी और रांची के आईटीआई इलाके की रहने वाली संजू देवी और सोनी देवी के रूप में हुई है। घायलों में रंजू देवी, पुनीता देवी, उमा देवी, ज्योति देवी, और असिता देवी शामिल हैं। बताया गया कि ये सभी महिलाएं एक ही परिवार की हैं। किराए का वाहन लेकर महाकुंभ स्नान करने गई थीं।

## विपक्ष ख्याली पुलाव पका रहा है, बिहार में NDA की सरकार बनेगी : उपेंद्र कुशवाहा

पटना (आरएनएस)। एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनने की भविष्यवाणी करते हुए कहा कि विपक्ष ख्याली पुलाव पका रहा है, बिहार में 100 प्रतिशत गारंटी है कि एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि दिल्ली के चुनाव का परिणाम कुछ भी होता लेकिन बिहार में स्पष्ट है कि एनडीए की सरकार बनेगी और बहुत ढंग से बनेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीमार होने के विपक्षी नेताओं के बयान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा ने कहा कि जिनको जो बोलना है बोलते रहें, मुख्यमंत्री फिलहाल अपनी प्रगति यात्रा पर हैं और मजबूती से अपना काम कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान वह लोगों के बीच जा रहे हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि बीमार तो कोई हो सकता है। मणिपुर के मुख्यमंत्री के इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा हुआ है तो सोच-समझकर ही फैसला लिया गया होगा या पार्टी से कुछ निर्देश प्राप्त हुआ होगा। दिल्ली चुनाव परिणाम को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख ने कहा कि दिल्ली का चुनाव परिणाम वहां की जनता का निर्णय है। ऐसा ही निर्णय जनता लेने वाली है, ऐसा पहले से ही लग रहा था। वहां के लोगों में आप के नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ काफी गुस्सा था। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है, यह अच्छी बात है। बता दें कि भाजपा ने दिल्ली में 27 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से उन्होंने 48 सीटें जीती हैं, जबकि आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली हैं। कांग्रेस का खाता नहीं खुला है। इससे पहले भाजपा ने 1993 में 49 सीट जीतकर दो तिहाई बहुमत हासिल किया था।



अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी.

## अभियोजन में ढिलाई बरतने के लिए दिल्ली पुलिस की आलोचना, सुप्रीम कोर्ट 17 फरवरी को करेगा सुनवाई



नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामलों में बरी किए गए लोगों के खिलाफ अपील दायर नहीं करने के लिए दिल्ली पुलिस से पूछताछ की और कहा कि अभियोजन को गंभीरता से चलाया जाना चाहिए, न कि केवल इसके लिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि बरी किए गए लोगों के खिलाफ विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की जानी चाहिए और ईमानदारी से लड़ाई लड़ी जानी चाहिए। कई मामलों में आपने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को चुनौती नहीं दी है। स्पष्ट रूप से कहें तो, एसएलपी दायर करने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता जब तक कि इसे दायर न किया जाए और गंभीरता से मुकदमा न चलाया जाए। आप हमें बताएं कि पहले जो मामले दायर हुए थे, क्या उन पर बहस के लिए किसी वरिष्ठ वकील को लगाया गया था? इसे केवल इसके लिए नहीं बल्कि गंभीरता से करना होगा। इसे निष्ठापूर्वक और ईमानदारी से किया जाना चाहिए। हम यह नहीं कह रहे हैं कि परिणाम एक विशेष तरीके से होना चाहिए। याचिकाकर्ता एस गुरलाड सिंह काहलों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का ने कहा कि पुलिस द्वारा दायर अपील महज एक औपचारिकता थी। फुल्का ने कहा दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक फैसला सुनाया था कि मामले को छुपाया गया और राज्य ने ठीक से मुकदमा नहीं चलाया। सुनवाई के दौरान एएसजी ने कहा कि बरी किए गए छह मामलों में अपील दायर करने के लिए पत्र लिखे गए थे। पीठ ने सुनवाई 17 फरवरी को तय की है। यह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के पूर्व सदस्य काहलों द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिनकी याचिका पर शीर्ष अदालत ने 2018 में 199 मामलों की जांच के लिए न्यायमूर्ति ढींगरा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया था, जहां जांच बंद हो गई थी।

## बलिया : घर के बाहर मिला पति-पत्नी का शव, हत्या की आशंका से सनसनी

बलिया (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। खेजुरी थाना क्षेत्र के मासूमपुर गांव में एक घर के बाहर सड़क किनारे पति-पत्नी के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना रात करीब 10 बजे की है, जब डायल 112 को सूचना मिली कि सड़क किनारे श्यामलाल चौरसिया (62 वर्ष) और उनकी पत्नी के शव पड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही डायल 112, खेजुरी थाना प्रभारी, और सिकंदरपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, दोनों के शरीर पर धारदार हथियार के प्रहार के निशान हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसपी ओमवीर सिंह ने कहा : दोनों शव सड़क किनारे पड़े मिले हैं। गांव वालों से पूछताछ में अभी तक किसी प्रकार की दुश्मनी या विवाद की जानकारी नहीं मिली है। हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए स्वॉट टीम, सर्विलांस टीम, और अन्य टीमें जांच में जुटी हुई हैं। गांव में घटना के बाद से दहशत का माहौल है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## भारत ने पार की 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता, दुनिया को दे रहा नई दिशा

### -10 सालों में भारत की ऊर्जा यात्रा ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रही



नई दिल्ली,(ए)। सरकार ने कहा कि स्वच्छ, हरित भविष्य के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में भारत ने 100 गीगावाट स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता को पार कर लिया है। इससे अक्षय ऊर्जा में ग्लोबल लीडर के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। 31 जनवरी तक भारत की कुल स्थापित सौर क्षमता 100.33 गीगावाट है, जिसमें 84.10 गीगावाट कार्यान्वयन के अधीन है और अतिरिक्त 47.49 गीगावाट निविदा के अधीन है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि पीएम मोदी द्वारा 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पाने की दिशा में एक अहम कदम है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि पिछले 10 सालों में भारत की ऊर्जा यात्रा ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रही है। सौर पैनल, सौर पार्क और रूफटॉप सौर परियोजनाओं जैसी पहलों ने क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज भारत ने 100 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि दुनिया को एक नई दिशा दे रहा है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना छत पर सौर ऊर्जा को एक घरेलू वास्तविकता बना रही है और यह स्थायी ऊर्जा में एक गेम-चेंजर है, जो हर घर को स्वच्छ ऊर्जा से सशक्त बनाती है। 2024 में शुरू की गई यह योजना 9 लाख छत पर सौर ऊर्जा प्रतिष्ठानों के करीब है, जिससे देश भर के घरों को स्वच्छ ऊर्जा समाधान अपनाने में मदद मिलेगी। देश के सौर ऊर्जा क्षेत्र में पिछले दशक में क्षमता में 3,450 फसदी की वृद्धि हुई, जो 2014 में 2.82 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 100 गीगावाट हो गई है।

# शिव शक्ति प्वाइंट : चंद्रयान-3 लैंडिंग साइट 3.7 अरब वर्ष पुरानी, वैज्ञानिकों का चौंकाने वाला दावा



नई दिल्ली , (आरएनएस)। भारत के चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने 2023 में चंद्रमा के शिव शक्ति प्वाइंट पर ऐतिहासिक लैंडिंग की थी। अब, वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण खोज की घोषणा करते हुए बताया है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर स्थित यह सतह लगभग 3.7 अरब वर्ष पुरानी है।यह अध्ययन, जिसमें उच्च-रिज़ॉल्यूशन रिमोट सेंसिंग डेटासेट का उपयोग किया गया, बेंगलुरु स्थित इसरो के इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स सिस्टम सेंटर, अहमदाबाद की फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी और चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा किया गया था। टीम ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट, शिव शक्ति प्वाइंट का विस्तृत मानचित्र तैयार किया।अध्ययन के अनुसार, लैंडिंग साइट को तीन मुख्य भागों में विभाजित किया जा सकता है- उच्च-रिलीफ रग्ड एरिया, स्मूथ प्लेन्स और लो-रिलीफ स्मूथ प्लेन्स। भू-राजनीतिक मानचित्र में इन क्षेत्रों को दर्शाया गया है। साइंस डायरेक्ट जर्नल में प्रकाशित एक शोध पत्र में टीम ने अनुमान लगाया कि लैंडिंग साइट 3.7 अरब वर्ष पुरानी है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि यह वही अवधि है जब पृथ्वी पर सबसे पहले माइक्रोबियल जीवन का विकास हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, शोधकर्ताओं ने लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (LRO) के वाइड-एंगल कैमरा और टेरेन कैमरा का उपयोग करके क्रेटर और चट्टानों का विश्लेषण किया। 500-1,150 मीटर व्यास वाले 25 क्रेटरों के विश्लेषण से लैंडिंग साइट की आयु 3.7 अरब वर्ष होने का अनुमान लगाया गया है। इसरो के वैज्ञानिकों ने बताया कि चंद्रमा की सतह लगातार माइक्रो-मेटियोराइट बमबारी और तापीय उतार-चढ़ाव के कारण बदलती रहती है। लाखों वर्षों में, ये चट्टानें टूटकर रेगोलिथ में परिवर्तित हो गई हैं। यह खोज चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के भूवैज्ञानिक इतिहास को समझने में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

## विमान में लगे झटके, सोहेल सोते रहे और सलमान दहशत में रहे

नई दिल्ली(ए)। कितना ही बड़ा हीरो हो या पावरफुल व्यक्ति। मौत से सभी को डर लगता है। फिल्म अभिनेता सलमान खान ने एक पॉडकास्ट में एक डरावना अनुभव शेयर किया है। उनका कहना था कि एक बार हवाई सफर के दौरान टर्बुलेंस के चलते हवाई जहाज में जबरदस्त झटके लगे। वे दहशत में रहे और अभिनेता सोहेल खान आराम से सोते रहे। सलमान खान ने कहा कि एक बार उनकी फ्लाइट में 45 मिनट तक टर्बुलेंस हुआ था। उस वक्त सभी पैसेंजर्स बहुत घबरा गए थे। सलमान खान ने एक पॉडकास्ट में बताया है कि वह आईफा अवॉर्ड समारोह से लौट रहे थे, जब यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि हम आईफा श्रीलंका से वापस आ रहे थे। उस वक्त सभी हंस रहे थे, तभी अचानक फ्लाइट में झटके लगने लगे पहले तो यह नॉर्मल लगा, लेकिन फिर तेज आवाज होने लगी और पूरी फ्लाइट में खामोशी छा गई। सोहेल और मैं एक ही फ्लाइट में थे और जब मैंने उसे देखा तो वह सो रहा था।

## पहाड़ों में बर्फबारी क्या दिल्ली-यूपी में फिर लौटेगी ठंड

नई दिल्ली (ए)। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली, यूपी में तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं जम्मू-कश्मीर में अगले तीन दिनों तक तक हल्की बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान है। देशभर के ज्यादातर राज्यों में मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसकी वजह से फरवरी में ही लोगों को अप्रैल वाली गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण भारत के अधिकांश हिस्सों में पारा 30 पार कर गया है। वहीं आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने का अनुमान है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 10 फरवरी को अधिकतम तापमान 26-28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8-10 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। विभाग के मुताबिक, दिल्ली में सोमवार सुबह के समय और रात के वक्त धुंध/हल्का कोहरा छाने की संभावना है। साथ ही कुछ इलाकों में दिन के वक्त बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के जारी किए गए डाटा के अनुसार, दिल्ली में अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से चार डिग्री अधिक है और इस साल में अब तक का सबसे अधिक तापमान भी रहा। इससे पहले 31 जनवरी को सबसे अधिक 27 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। दिल्ली में 9 फरवरी को अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस था। यूपी में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य के कई इलाकों में तापमान फरवरी महीने में ही तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के पास करीब पहुंच गया है। आईएमडी से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक राज्य में फिलहाल 5 दिनों तक मौसम को लेकर कोई भी अलर्ट जारी नहीं किया गया है। 10 फरवरी को राज्य में मौसम शुष्क रहेगा। बिहार में अभी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में अभी तेज पछुआ हवाएं चलती रहेंगी, जिसकी वजह से लागों सुबह और रात के हल्की ठंड महसूस होगी। हालांकि दिन के धूप भी निकलेगी।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बेंगलुरु के येलहंका वायुसेना स्टेशन पर एयरो इंडिया 2025 के उद्घाटन में शामिल हुए.

## दिल्ली चुनाव परिणाम को उत्तराखंड के पूर्व सीएम ने बताया चिंताजनक, कांग्रेस को किया आगाह



देहरादून (ए)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सोमवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे चिंताजनक थे और उन्होंने कांग्रेस से पहाड़ी राज्य में 2027 के विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सबक सीखने का आग्रह किया। फेसबुक पर एक पोस्ट में रावत ने तर्क दिया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (AAP) के बीच गठबंधन नतीजों की दिशा बदल सकता था, उन्होंने केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को लताड़ा और कहा कि अगर गठबंधन सहयोगियों, विशेष रूप से आप, ने कांग्रेस को बाहर निकालने का लक्ष्य नहीं रखा होता, तो दिल्ली में दोनों पार्टियों के बीच एक रणनीतिक गठबंधन बन सकता था। लेकिन केजरीवाल के अहंकार ने इसे संभव नहीं बनाया। हमारी साझेदारी टूट गई और आप का वोट बैंक टूट गया और इसका सीधा असर आप की संख्या पर पड़ा। कमान संभालते हुए उन्होंने बीजेपी की चुनावी रणनीति को रेखांकित किया और कहा कि बीजेपी अपनी पूरी ताकत लगाकर, युद्ध की रणनीति के रूप में छल, बल और धन का इस्तेमाल करके जीत हासिल करने का काम करती है. बीजेपी के पास वर्तमान में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में दो शक्तिशाली प्रचारक हैं जो विपक्ष को कुचल सकते हैं. यह आज की बीजेपी है, जो दिल्ली जीतने से पहले बिहार की तैयारी कर रही है. इसके विपरीत, गठबंधन में एक-दूसरे पर आरोप लगाने की होड़ मची हुई है।

# विजय देवरकोंडा के फैंस को मिला तोहफा, फिल्म वीडी12 की टीजर रिलीज डेट से उठा पर्दा




साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों काफी चर्चा में हैं। फैंस उनकी आने वाली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में उनकी फिल्म वीडी12 से एक बड़ी अपडेट सामने आई है। इस अपडेट को सुनने के बाद फैंस के बीच खुशी का माहौल है। विजय देवरकोंडा की फिल्म वीडी12 की टीजर रिलीज डेट सामने आ गई है। आइए जानते हैं इसका टीजर कब रिलीज होने वाला है।

विजय देवरकोंडा की फिल्म वीडी12 का टीजर 12 फरवरी को रिलीज होने वाला है। अर्जुन रेड्डी के बाद विजय देवरकोंडा इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन जॉनर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। फैंस विजय देवरकोंडा की फिल्म पर कड़ी नजर रख रहे हैं। आपको बता दें कि गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म दो साल से ज्यादा समय से बन रही है, जिसका एक बड़ा हिस्सा अभी शूट होना बाकी है। अब फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

इस फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर अनिरुद्ध ने तैयार किया है। विजय देवरकोंडा ने हाल ही में एक छोटा सा ब्रेक लिया था, वह अगले हफ्ते से फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू करने जा रहे हैं। विजय देवरकोंडा हाल ही में अपनी मां के साथ महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने प्रयागराज पहुंचे हैं। विजय देवरकोंडा का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैन्स भी इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं। इस वीडियो में विजय देवरकोंडा बैगी पैंट के साथ सफेद ओवरसाइज्ड शर्ट पहने नजर आए। एक्टर ने मुंह पर मास्क पहना हुआ था। वहीं उनकी मां ने पिंक ओवरसाइज्ड कुर्ता पहना था।

# विक्रांत मैसी ने बेटे वरदान का चेहरा दिखाया, पहले जन्मदिन की मनमोहक तस्वीरें साझा कीं



एक्टिंग से ब्रेक लेने का ऐलान कर चुके एक्टर विक्रांत मैसी ने सोमवार को अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया। दरअसल, एक साल बाद पहली बार एक्टर ने अपने बेटे का चेहरा दिखाकर फैंस को खुश कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर वरदान के पहले जन्मदिन की प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्टर के बेटे का चेहरा नजर आ रहा है। वरदान का चेहरा देखकर लोग उन्हें बिल्कुल उनके पापा जैसा बता रहे हैं। विक्रांत मैसी ने 7 फरवरी को अपने बेटे का पहला जन्मदिन अपनी पत्नी शीतल ठाकुर के साथ मनाया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने आज शेयर कीं। इन तस्वीरों में विक्रांत बेज ट्राउजर और सफेद शर्ट के साथ ब्राउन कोट पहने नजर आए, जबकि उनकी पत्नी गोल्डन और सफेद ड्रेस में नजर आईं। वरदान सफेद शर्ट, ब्राउन ट्राउजर और सफेद जूते पहने अपने पिता की गोद में हैं। फैंस मैसी के नन्हे वरदान पर प्यार बरसा रहे हैं और उसकी क्यूटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे। एक फैन ने कमेंट किया, आखिरकार चेहरा सामने आ ही गया! वह वाकई बहुत प्यारा है। दूसरे ने लिखा, वह बहुत प्यारा है! सबसे भाग्यशाली। तीसरे प्रशंसक ने कहा, विक्रांत की कार्बन कॉपी। एक अन्य ने बस इतना लिखा, बहुत प्यारा!

# दिव्या खोसला ने ग्लैमरस अवतार में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान



अपनी खूबसूरती से हमेशा फैंस का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर दिव्या खोसला ने अपने ग्लैमरस अवतार से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में दिव्या ने अपनी नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जिसमें वह सिल्वर कलर की बॉडी-हगिंग ड्रेस में बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में दिव्या का ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को दीवाना बना रहा है. एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा, शिम्मर एंड शाइन फॉर आयकॉनिक गोल्ड अवार्ड्स. बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक्स अवार्ड के लिए धन्यवाद.दिव्या ने अपनी ड्रेस को काइकोडएचसी से स्टाइल किया है और उनके लुक को सुकृतिग्रोवर ने तैयार किया है. उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी पूरी तरह से उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रहा है.ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि दिव्या खोसला कुमार खूबसूरती और बोल्डनेस का कॉकटेल हैं।बता दें कि फिल्मों की तरह असल जिंदगी में दिव्या खोसला कुमार काफी खूबसूरत दिखती हैं।इसके साथ ही एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें भी पोस्ट करती हैं।फैंस ने कमेंट सेक्शन में जमकर तारीफ की है. कोई उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहा है तो कोई उन्हें 'स्टनिंग' कह रहा है. दिव्या की यह पोस्ट कुछ ही घंटों में लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स बटोर चुकी है।

# शिवांगी वर्मा ने बताया, बैडएस रवि कुमार में कैमियो के लिए क्यों हुई तैयार



हिमेश रेशमिया स्टारर हालिया रिलीज फिल्म बैडएस रवि कुमार में अभिनेत्री शिवांगी वर्मा ने कैमियो भूमिका निभाई है। फिल्म में वर्मा, प्रभु देवा की प्रेमिका की भूमिका में नजर आई हैं। उन्होंने बताया कि इस रोल के लिए उन्होंने हामी क्यों भरी। अभिनेत्री ने उन कारणों का खुलासा किया, जिनकी वजह से उन्हें यह भूमिका निभाने का मौका मिला। फिल्म में प्रभु देवा के साथ कैमियो रोल में नजर आईं शिवांगी ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। हालांकि, उनकी भूमिका छोटी है, लेकिन वह प्रभु के साथ काम करने के अवसर और अनुभव को महत्वपूर्ण मानती हैं।

वर्मा ने बताया, मैंने फिल्म में प्रभु देवा के साथ उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाई है। यह एक छोटी सी भूमिका है, लेकिन मैंने इसके लिए हां कहा, क्योंकि यह हिमेश रेशमिया का प्रोजेक्ट था। मैं उनके साथ दूसरी बार काम कर रही हूं। फिल्म रिलीज हो चुकी है और दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया सामने आई। मैं हिमेश रेशमिया की हमेशा से फैन रही हूं और उनके साथ यह मेरा दूसरा प्रोजेक्ट है, जो इसे और भी खास बनाता है। हर प्रोजेक्ट में वह जिस एनर्जी, विजन और जुनून के साथ काम करते हैं, वह बेमिसाल है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, यह फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि मैंने हिमेश के साथ साल 2007 में आई फिल्म आपका सुरूर में 'तेरे प्यार में' गाना गाया था। यह गाना बैडएस रवि कुमार में भी है! बस अंतर इतना है कि इस बार वह इसमें किसी दूसरी हीरोइन के साथ हैं लेकिन गाने का जादू वही है।

अभिनेत्री ने आगे कहा कि बैडएस रवि कुमार फिल्म में वह सब कुछ है, जो आप हिमेश रेशमिया की फिल्म से उम्मीद करते हैं। फिल्म में हाई-एनर्जी, सुपर एंटरटेनिंग, ज्ञान से भरपूर उनका विजन है। फिल्म के माध्यम से उन्होंने दर्शकों को एक ऐसी कहानी दी है, जिसे दर्शक कभी नहीं भूल सकते। शिवांगी ने आगे बताया, शूट के लिए मुंबई से मस्कट तक का मेरा सफर बेहद सहज और आसान रहा। पहले दिन से ही सब कुछ जाना-पहचाना और सहज लगा। मेरा पहला दिन कॉस्ट्यूम ट्रायल था। टीम में पुराने लोगों को देखकर मुझे खुशी हुई। टीम के सदस्य हिमेश रेशमिया मेरे पहले एल्बम में भी थे। जाने-पहचाने चेहरों को देखकर मुझे घर जैसा महसूस हुआ और मैं उसी समय समझ गई थी कि इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे खास अनुभव होने वाला है। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में वर्मा ने बताया, मैं एक फिल्म की शूटिंग कर रही हूं। मेरे साथ फिल्म में अभिनेता गोविंद नामदेव सर हैं और मैं अपना तीसरा शेड्यूल पूरा करने वाली हूं। उम्मीद है कि सब कुछ अच्छा होगा।

## सनम तेरी कसम ने रचा इतिहास, 2 दिन में तोड़ डाला अपना 9 साल पुराना रिकॉर्ड

इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में लगी हैं, वहीं कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जिन्हें दोबारा पर्दे पर लाया गया है। इन्हीं में से एक सनम तेरी कसम। खास बात यह है कि जब यह फिल्म रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही थी, लेकिन अब जबकि यह दोबार पर्दे पर आई है तो इसने 2 दिन में ही अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ डाला है।फिल्म शानदार कमाई कर रही है। सनम तेरी कसम 7 फरवरी को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई थी। फिल्म ने दो दिन के अंदर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। पहले दिन इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर जहां 5.14 करोड़ रुपये से खाता खोला था, वहीं अब दूसरे दिन भी इसने ताबड़तोड़ कमाई की है।सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे दिन यानी शनिवार को इस फिल्म ने 6.22 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसकी 2 दिन की कमाई 11.36 करोड़ रुपये हो गई है।सनम तेरी कसम ने री-रिलीज के मात्र 2 दिन के अंदर अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।9 साल पहले इस फिल्म ने लाइफटाइम कलेक्शन 9 करोड़ रुपये किया था और री-रिलीज में इसने 2 दिन में ही 11 करोड़ कमा लिए हैं।बात सिर्फ अपना रिकॉर्ड तोड़ने की नही हैं। सनम तेरी कसम ने बीते शुक्रवार रिलीज हुई खुशी कपूर की लवयापा और हिमेश रेशमिया की बैडएस रविकुमार के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है।साल 2016 में जब सनम तेरी कसम फिल्म रिलीज हुई थी तो इसे दर्शकों ने ज्यादा भाव नहीं दिए थे।

# छावा की एडवांस बुकिंग शुरू, निर्माताओं ने नए पोस्टर के साथ साझा किया अपडेट




इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल छावा को बड़े परदे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। फिल्म अपनी रिलीज से चंद कदम दूर है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है। फिल्म छावा 14 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। मेकर्स ने आज फिल्म के पोस्टर साझा किए हैं। इसके साथ लिखा है, छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान की कहानी अब बड़े परदे पर बस पांच दिनों में। एडवांस बुकिंग वर्ल्डवाइड शुरू हो चुकी है। इसके अलावा मैडॉक के इंस्टाग्राम अकाउंट से रश्मिका मंदाना के भी फिल्म से नए पोस्टर रिलीज हुए हैं। रश्मिका इस फिल्म में येसुबाई के रोल में नजर आएंगी। उनके पोस्टर के साथ लिखा है, एक रानी, एक मां, एक शक्ति जो स्वराज्य के लिए हर अग्नि परीक्षा से गुजरी! इस फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी अहम रोल में हैं। फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स द्वारा किया गया है, जबकि यश राज फिल्म्स इसके अंतर्राष्ट्रीय वितरण का काम संभालेगी। फिल्म का साउंडट्रैक एल्बम एआर रहमान ने तैयार किया है, जबकि गाने इरशाद कामिल द्वारा लिखे गए हैं। विक्की ने फिल्म में मराठा राजा संभाजी का किरदार निभाया है। यह शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास छावा का रूपांतरण है।

# केमिकल फ्री हर्बल डिओड्रेंट घर पर कैसे बनाएं? यहां जानिए पैसे बचाने का अनोखा तरीका

मौसम करवट बदलने लगा है. दिन में तेज धूप और रात में ठंड हो रही है.दिन में बाहर निकलने पर अब थोड़ा पसीना आने लगा है. बाहर के तापमान से शरीर का तापमान बैलेंस करने के लिए शरीर पसीना बनाता है.



पसीना आने के साथ इसकी बदबू की समस्या भी गर्मियों में ज्यादा देखने को मिलती है. ऐसे में बदबू से बचने के लिए लोग डिओड्रेंट का इस्तेमाल करते हैं. यूं तो बाजार में कई सारे डिओड्रेंट के ऑप्शन मौजूद हैं. लेकिन इन सभी में केमिकल होते हैं. अगर आप अपने पैसे बचाना चाहते हैं और केमिकल-फ्री प्रोडक्ट यूज करना चाहते हैं तो आप घर पर ही हर्बल डिओड्रेंट बना सकते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में।

## खीरा और पुदीना से तैयार करें डिओड्रेंट

यह डिओड्रेंट स्प्रे स्किन को रिफ्रेशिंग और कूलिंग इफेक्ट देता है. खीरे से स्किन को ठंडक मिलती है, वहीं पुदीना एक रिफ्रेशिंग अहसास करवाता है. विच हेजल से पसीने को कम करने में नेचुरली मदद मिलती है।

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

आधा कप खीरे का रस

एक चौथाई कप विच हेजल

5-6 बूंदें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल

5-6 बूंदें नींबू एसेंशियल ऑयल

खीरा और पुदीना का डिओड्रेंट कैसे बनाएं?

सभी सामग्री को एक स्प्रे बोतल में मिला लें.

आपका डिओड्रेंट स्प्रे बनकर तैयार है.

इस्तेमाल करने से पहले अच्छी तरह हिलाएं.

नीम और चंदन पाउडर से बनाएं डिओड्रेंट

आप नीम और चंदन पाउडर की मदद से डिओड्रेंट बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं. जहां नीम बैक्टीरिया से लड़ने के साथ-साथ बदबू को रोकता है. वहीं, चंदन की खुशबू से आप पूरा दिन महकते हैं.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 चम्मच नीम पाउडर

2 चम्मच चंदन पाउडर

1 चम्मच बेंटोनाइट क्ले

4-5 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल

नीम और चंदन पाउडर का डिओड्रेंट कैसे बनाएं?

सबसे पहले एक बाउल में सभी पाउडर को मिला लें.

अब इसमें एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें.

अब आप इसे एक कंटेनर में स्टोर करें.

डिओड्रेंट को पाउडर पफ या उंगलियों की मदद से लगाया जा सकता है.

लैवेंडर और नारियल दूध से बनाएं डिओड्रेंट

नारियल के दूध और लैवेंडर की मदद से डिओड्रेंट बनाना भी एक अच्छा आइडिया है. जहां नारियल का दूध स्किन को नमी देता है, वहीं लैवेंडर की खुशबू काफी अच्छी लगती है.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 बड़े चम्मच नारियल का दूध

2 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा

1 बड़ा चम्मच अरारोट पाउडर

5-6 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल

डिओड्रेंट बनाने का तरीका

सबसे पहले नारियल का दूध, बेकिंग सोडा और अरारोट पाउडर को अच्छी तरह मिक्स कर लें, जिससे चिकना पेस्ट बन जाए.अब इसमें लैवेंडर ऑयल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें.तैयार डिओड्रेंट को स्टोर करें और थोड़ी मात्रा में इस्तेमाल करें।

# सिजेरियन डिलीवरी के साइड इफेक्ट क्या हैं? स्टडी में खुलासा सी-सेक्शन मां और बच्चे दोनों के लिए खतरनाक



आजकल किसी से भी पूछो अधिकांश गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी नॉर्मल की बजाय सी-सेक्शन से कराई जा रही है. एक स्टडी के अनुसार भारत में 29 फीसदी से ज्यादा डिलीवरी सिजेरियन हो रहीं हैं, जिनका सामान्य प्रसव किया जा सकता था. वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी भारत में इसकी संख्या को घटाने की सिफारिश की है. पीयर-रिव्यू जर्नल BMC प्रेग्नेंसी एंड चाइल्डबर्थ में पब्लिश एक स्टडी रिपोर्ट के अनुसार सिजेरियन के कई साइड इफेक्ट हैं.

सिजेरियन यानी सी-सेक्शन डिलीवरी मां और बच्चे दोनों के लिए ही खतरनाक है. वहीं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास (IIT Madras) की एक स्टडी में ये खुलासा हुआ है. जिसमें बताया गया है कि पिछले 5 से 8 साल में देश में सिजेरियन (Cesarean) की मदद से बच्चों के जन्म होने के मामले काफी ज्यादा बढ़े हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.

## भारत में कितनी बढ़ी सिजेरियन डिलीवरी

स्टडी के अनुसार भारत में 2016 से 2021 तक सिजेरियन सेक्शन से डिलीवरी में इजाफा हुआ है. इसकी संख्या पहले 17.2 परसेंट थी, जोकि बढ़कर 21.5: तक पहुंच गई है. स्टडी में पाया गया कि प्रेग्नेंसी में ज्यादा वजन और अधिक उम्र (35-49 साल) की महिलाओं में सिजेरियन डिलीवरी होने की संख्या दोगुनी थी।

## सिजेरियन के साइड इफेक्ट

### संक्रमण का खतरा

सिजेरियन डिलीवरी के दौरान महिलाओं के पेट में गहरा कट लगता है. इसकी रिकवरी के लिए डॉक्टर कई दवाइयां देते हैं. लेकिन अगर आपने घाव को लेकर जरा भी लापरवाही बरती तो घाव में संक्रमण का खतरा रहता है. संक्रमण होने पर घाव में सूजन, रेडनेस और इचिंग जैसे लक्षण नजर आते हैं।

### ब्लैडर में नुकसान

सिजेरियन डिलीवरी के बाद ब्लैडर में नुकसान होने का खतरा रहता है. किडनी में भी नुकसान हो सकता है. इससे रिकवरी के लिए महिला को एक और सर्जरी से गुजरना पड़ सकता है. हालांकि, इसके मामले कम ही देखने को मिलते हैं.

### गर्भाशय की लाइनिंग में संक्रमण

सिजेरियन डिलीवरी के बाद गर्भाशय की लाइनिंग में इंफेक्शन का डर रहता है. इसके लक्षणों की बात करें तो बुखार, पेट में दर्द और असामान्य वजाइनल डिस्चार्ज हो सकता है. यही नहीं, सिजेरियन डिलीवरी के बाद कुछ महिलाओं को अगर वूम्बर लाइनिंग इंफेक्शन हो जाए, तो हैवी ब्लीडिंग की समस्या भी हो सकती है।

### गर्भाशय में सूजन

यूं तो डिलवरी के बाद महिलाओं के गर्भाशय में सूजन रहती है, जो करीब 6 सप्ताह बाद सामान्य अवस्था में लौट आती है. लेकिन सही नहीं होने पर कंडीशन के बिगड़ने का रिस्क रहता है।

## डेब्यू मैच में साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रिट्क ने तोड़ा 47 साल पुराना रिकॉर्ड

### –बना डाला अबतक का सबसे बड़ा स्कोर

नईदिल्ली, (आरएनएस)। पाकिस्तान में खेली जा रही त्रिकोणिय सीरीज में गद्दाफी स्टेडियम में खेले जा रहे न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका वनडे में एक नया इतिहास रचा गया है. साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ने अपने डेब्यू मैच में इतने रन बना दिए हैं जितने पहले नहीं बने. ये एक रिकॉर्ड बन गया है. इस बल्लेबाज ने 47 साल पुराने वेस्टइंडीज के बल्लेबाज के रिकॉर्ड को तोड़ा है.

साउथ अफ्रीका के 26 साल के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रिट्ज्क ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से अपने वनडे करियर की शुरुआत की. वे ओपनिंग करने आए थे और ऐसी पारी खेली की 47 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया. मैथ्यू ने 148 गेंद में 11 चौके और 5 छक्के लगाते हुए 150 रन बनाए. वनडे में डेब्यू करते हुए क्रिकेट इतिहास की ये सबसे बड़ी पारी है.

वनडे में डेब्यू करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड अबतक वेस्टइंडीज के डेसमंड हेंस के नाम था. 22 फरवरी 1978 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 148 रन की पारी खेली थी. इसके बाद अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज हैं. 21 जनवरी 2021 में आयरलैंड के खिलाफ गुरबाज ने 127 रन की पारी खेली थी.

साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को इस मैच में जीत के लिए 305 का लक्ष्य दिया है. टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करने को मजबूर साउथ अफ्रीका के लिए मैथ्यू के 150 के अलावा वियान मुल्डर ने 64, जेसन स्मिथ ने 41 और कप्तान तेंबा बवुमा ने 20 रन बनाए. न्यूजीलैंड ने पिछले मैच में 330 रन बनाए थे और पाकिस्तान को 78 रन से हराया था. अगर वे 305 रन बनाकर मैच जीतने में कामयाब रहे तो त्रिकोणिय सीरीज के फाइनल में पहुंच जाएंगे.

## जो रूट ने बनाया नया रिकॉर्ड, इस मामले में इयोन मोर्गन को छोड़ा पीछे, बने नंबर 1

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही वनडे सीरीज में भारत ने दूसरा मैच चार विकेट से जीतकर सीरीज अपने नाम कर लिया है. भारत की तरफ से रोहित शर्मा ने शानदार शतक लगाया. इस मैच में इंग्लैंड के जो रूट ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया, जिस पर शायद ही किसी का ध्यान गया हो. उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का रिकॉर्ड तोड़ दिया और नंबर वन पर पहुंच गए है. आइए जानें रूट ने कौन सा रिकॉर्ड तोड़ा है और नंबर 1 बन गए हैं.

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. इंग्लैंड ने अपना पहला विकेट 81 रन पर गंवा दिया था. इसके बाद जो रूट बल्लेबाजी करने आए. उस समय इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाज एक-एक करके आउट होते जा रहे थे, लेकिन जो रूट ने बहादुरी से खेला. रूट ने हमेशा भारतीय टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी उन्होंने खुद को साबित किया.

उन्होंने 72 गेंदों पर 69 रन बनाए, जिसमें 6 चौके शामिल थे. जो रूट के अलावा बेन डकेट ने भी अच्छी पारी खेली और 65 रन बनाए. लेकिन इंग्लैंड की ओर से सबसे बड़ी पारी जो रूट की रही. उनकी पारी की बदौलत ही इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ 304 रन बना पाई.

जो रूट ने इस मैच में एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. वह इंग्लैंड की ओर से वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 50+ रन की पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. इससे पहले यह रिकॉर्ड इयोन मोर्गन के नाम था, जिन्होंने 55 बार 50 से ज्यादा रन बनाए थे. इस मैच से पहले रूट और मोर्गन बराबरी पर थे, लेकिन अब रूट 56 बार ये कमाल कर मोर्गन से आगे निकल गए हैं. जो रूट को भले ही टेस्ट क्रिकेट का खिलाड़ी माना जाता हो, लेकिन उन्होंने वनडे में भी जबरदस्त खेल दिखाया है. इंग्लैंड के लिए इयान बेल ने 39 और जॉस बटलर ने 38 बार ही 50+ रन की पारी खेली है, जबकि अब जो रूट सबसे आगे निकल गए हैं. हालांकि, इतनी बेहतरीन पारी खेलने के बावजूद इंग्लैंड की टीम यह मुकाबला नहीं जीत पाई. भारत ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार बैटिंग की और चार विकेट से यह मैच जीत लिया।

# गंभीर तुम राहुल के साथ ठीक नहीं कर रहे हो

## केएल राहुल को बैटिंग में नीचे भेजने पर भड़के श्रीकांत



नईदिल्ली(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है जहां उन्होंने पहले ही सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। अभी तक हुए दो मैचों में भारतीय टीम के लिए काफी कुछ अच्छा रहा है लेकिन एक बड़ी चिंता भी नजर आ रही है और वो चिंता कोई और नहीं बल्कि मध्यक्रम के मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल का फॉर्म है।केएल राहुल को मौजूदा सीरीज में खेले गए दोनों मैचों में अक्षर पटेल से भी नीचे छठे नंबर पर भेजा गया है जहां वो बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं। अपनी पिछली चार पारियों में राहुल ने 31, 0, 2 और 10 के स्कोर बनाए हैं। यही कारण है कि पूर्व भारतीय चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने गंभीर और टीम प्रबंधन को फटकार लगाते हुए कहा है कि जो भी टीम मैनेजमेंट और गौतम गंभीर केएल राहुल के साथ कर रहे हैं वो सही नहीं है।श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे केएल राहुल के लिए बहुत बुरा लग रहा है, अक्षर पटेल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वो राहुल के साथ जो कर रहे हैं वो उचित नहीं है। उसका रिकॉर्ड देखें। नंबर 5 पर उनका रिकॉर्ड शानदार है और बहुत से लोग इसकी बराबरी नहीं कर सकते। मुझे नहीं पता कि टीम प्रबंधन उनके साथ क्या कर रहा है, वो उन्हें नंबर 6 पर धकेल रहे हैं, जहां वो सिर्फ छह या सात रन बना रहे हैं। ीकांत ने भारतीय कोच पर उंगली उठाते हुए कहा कि भारत नंबर 6 पर राहुल की क्षमता को 'बर्बाद' कर रहा है और यहां तक कि तर्क दिया कि भारत शीर्ष चार में बाएं-दाएं संयोजन का उपयोग क्यों नहीं करता है, लेकिन केवल नंबर 5 पर करता है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी से ही स्टार बने थे फखर, कमाई में भी पीछे नहीं

लाहौर (ए)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बल्लेबाज फखर जमान का लक्ष्य आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन करना है। फखर का प्रदर्शन चैम्पियंस ट्रॉफी में हमेशा अच्छा रहा है। फखर ने साल 2017 में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। फखर ने साल 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल मैच में शानदार बल्लेबाजी कर पाक को जीत दिलायी थी। फखर ने सात जून 2017 को एजबेस्टन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ डेब्यू किया था। उन्होंने अपना पिछला एकदिवसीय 19 मई को इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। फखर ने अब तक 82 वनडे मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 46 के औसत से 3492 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 93 का रहा है. उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 210 रन है. जो उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया था। डेब्यू के बाद ही वह चैंपियंस ट्रॉफी में शतक लगाकर छा गये। उन्होंने तब भारतीय टीम के खिलाफ 114 रन बनाकर पाक टीम को 338 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया था। खेल के साथ ही फखर कमाई में भी पीछे नहीं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल संपत्ति 5 मिलियन डॉलर तकरीबन 43 करोड़ भारतीय रुपए के करीब है। उनकी कमाई मुख्य रुप से क्रिकेट और ब्रांड एंडोर्समेंट से होती है।

## शार्दुल ठाकुर ने गेंद से बरपाया कहर, रणजी क्वार्टफाइनल में चटकाए 6 विकेट

नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर इस समय घरेलू क्रिकेट में धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं। शार्दुल ठाकुर मुंबई के लिए हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2024-25 का तीसरा क्वार्टर फाइनल खेल रहे हैं और इस मुकाबले में उन्होंने हरियाणा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ते हुए 6 विकेट अपने नाम किए।

ये शार्दुल की धाकड़ गेंदबाजी का ही असर था कि मुंबई की टीम पहली पारी के आधार पर 14 रन की बढ़त लेने में भी सफल रही। मुंबई की टीम ने पहली पारी में ऑलआउट होने से पहले 315 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा की टीम 301 रनों पर ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए शानदार गेंदबाजी करते हुए शार्दुल ने 18.5 ओवर में 58 रन देते हुए 6 विकेट अपने नाम किए।

ठाकुर पिछले काफी समय से बल्ले और गेंद से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन भारतीय चयनकर्ता फिलहाल उनके साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं। शार्दुल को हाल ही में चुनी गई चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में भी नहीं चुना गया जबकि गेंद के साथ वो जिस लय में चल रहे हैं वो भारतीय टीम के लिए एक एसेट साबित हो सकते हैं।

अगर इस मैच में शार्दुल की बल्लेबाजी की बात करें तो पहली पारी में उन्होंने 15 रन बनाए। अभी शार्दुल के पास बल्ले और गेंद के साथ एक-एक पारी है और वो चाहेंगे कि ना सिर्फ अपनी टीम की जीत में भूमिका निभाएं बल्कि खुद भी ऐसा प्रदर्शन करें कि उनके प्रदर्शन की गूंज चयनकर्ताओं तक पहुंचे। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में 11 फरवरी तक बदलाव हो सकता है लेकिन ऐसा लग नहीं रहा कि भारतीय टीम मैनेजमेंट कोई बदलाव करने के मूड में है।

# रोहित शर्मा का धुआंधार शतक के साथ फॉर्म में लौटना टीम इंडिया के लिए शुभ संकेत

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म में लौटना टीम इंडिया के लिए शुभ संकेत है। रोहित ने अपनी हिटमैन इमेज के साथ न्याय करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में शानदार शतकीय पारी खेली और एक बार चिर-परिचित अंदाज में दिखाई दिए। रोहित ने धुआंधार पारी खेलते हुए केवल 90 गेंदों पर 119 रन बनाए।

कप्तान रोहित शर्मा को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया गया क्योंकि भारत ने इंग्लैंड द्वारा बनाए गए 304 रनों के स्कोर के जवाब में 44.3 ओवर में ही 308 रन बनाकर मैच और सीरीज जीत ली है। हालांकि, तीन मैचों की सीरीज में एक और मुकाबला अभी बाकी है।

रोहित का अंदाज शानदार रहा क्योंकि उन्होंने 76 गेंदों पर यह शतक लगाकर अपने वनडे करियर की दूसरी सबसे तेज सेंचुरी लगाई। खराब फॉर्म से जूझ रहे किसी दिग्गज के लिए यह आंकड़ा उसकी क्लास को बयां करने के लिए काफी है। यह हेड कोच गौतम गंभीर के उस बयान से भी पूरी तरह मेल खाता है कि रोहित और कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों में देश के लिए खेलने और रन बनाने की भूख



अभी बहुत बाकी है।

रोहित ने इससे पहले सबसे तेज शतक 63 गेंदों पर दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। कुल मिलाकर यह रोहित की वापसी है और आगे उनको यह लय बरकरार रखनी होगी। वह ऐसा करेंगे तो भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी जैसे एक और बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। इससे पहले रोहित की अगुवाई में भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप जीता था।रोहित ने एक कप्तान के तौर पर भी यह शानदार जीत हासिल की। ऐसे कप्तान जिन्होंने 50 वनडे मैच में टीम का नेतृत्व किया, उनमें रोहित का स्थान भी ऊंचा है। वह अब तक 36 वनडे जीत दर्ज कर चुके हैं। इस मामले में क्लाइव लॉयड, रिकी पोंटिंग और विराट कोहली जैसे कप्तान 39 जीत दर्ज कर चुके हैं।भारतीय टीम इस मुकाबले में विराट कोहली के साथ उतरी थी। हालांकि, भारत के पूर्व कप्तान 8 गेंदों पर 5 रनों की पारी खेलने के बाद आदिल रशीद की गेंद पर आउट हो गए।

उनको लय में आना अभी बाकी है। भारतीय उपमहाद्वीप में पिचों की प्रकृति और वनडे फॉर्मेट में कोहली के शानदार रिकॉर्ड को देखते हुए माहौल विराट के अनुकूल है। उनको भी सिर्फ एक अच्छी पारी की दरकार है।कुल मिलाकर चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम का विनिंग ट्रैक पर लौटना और कप्तान रोहित का पुराने अंदाज में शतक ठोकना टीम इंडिया के लिए शुभ संकेत है।

## एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए स्पेनिश टीमें भुवनेश्वर पहुंची

नई दिल्ली,(आरएनएस)। स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एक साथ सोमवार को भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। ये टीमें भारत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के मैच खेलने आई हैं।

पुरुष टीम 15 और 16 फरवरी को मेजबान भारत के खिलाफ खेलेगी, फिर 19 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला होगा। वहीं, महिला टीम 15 और 16 फरवरी को जर्मनी से भिड़ेगी और 19 फरवरी को भारत के खिलाफ खेलेगी।

अभी तक, दोनों स्पेनिश टीमें अपनी अंक तालिका में कमजोर स्थिति में हैं और जीत हासिल कर प्रो लीग अभियान में अपनी स्थिति सुधारना चाहती हैं। पुरुष टीम चार मैचों में सिर्फ एक जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है।



## दुनिया के हर विवाद के पीछे अमेरिका : किम जोंग उन

सोल ,(आरएनएस)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने आरोप लगाया कि विश्व के विवादों के पीछे अमेरिका खड़ा है। उन्होंने देश की परमाणु शक्तियों को और विकसित करने की नीति पर जोर दिया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी।



योनहाप ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि किम ने यह टिप्पणी शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के दौरे के दौरान की थी।

किम अपने सशस्त्र बलों, कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना की 77वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्षा मंत्रालय में गए थे।केसीएनए ने कहा कि मंत्रालय के सैन्य और राजनीतिक कमांडिंग अधिकारियों को संबोधित करते हुए किम ने सभी प्रतिरोधों को मजबूत करने के लिए कई नई योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने देश की परमाणु शक्तियों को और अधिक विकसित करने की अडिग नीति की पुष्टि की।किम जोंग उन ने अमेरिका पर दुनिया के बड़े, छोटे विवादों और रक्तपात की त्रासदियों के पीछे हमेशा खड़े रहने का आरोप लगाया। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भी अमेरिका को दोषी ठहराया और इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की कि अमेरिका और पश्चिमी देश रूस को रणनीतिक नुकसान पहुंचाने के अवास्तविक सपने के साथ युद्ध को लंबा खींच रहे हैं।किम ने पिछले वर्ष रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हस्ताक्षरित पारस्परिक रक्षा संधि का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर कोरिया की सेना और लोग रूसी सेना और लोगों के न्यायोचित उद्देश्य का सदैव समर्थन और प्रोत्साहन करेंगे।

# हिंसा फैलाने वाले शैतानों के खिलाफ सरकार की बड़ी कार्रवाई, 1300 से ज्यादा गिरफ्तार



ढाका ,(आरएनएस)। बांग्लादेश के सुरक्षा बलों ने शनिवार को शुरू किए गए एक बड़े एक्शन में सोमवार तक 1,300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य पिछले कुछ दिनों से देश में जारी हिंसा की नई लहर को दबाना है।देशव्यापी अभियान को ऑपरेशन डेविल हंट नाम दिया गया है।मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के परिवार और उनकी अवामी लीग पार्टी के प्रमुख सदस्यों से जुड़ी संपत्तियों को निशाना बनाए जाने के बाद यह ऑपरेशन शुरु किया।हिंसा तेज से पूरे देश में फैल गई, भीड़ ने अवामी लीग के प्रतीकों को निशाना बनाया और राजनीतिक गुटों के बीच तनाव बढ़ गया।शुक्रवार रात गाजीपुर जिले में छात्रों और नागरिकों पर हमले के बाद अंतरिम सरकार ने शनिवार को ऑपरेशन डेविल हंट का आदेश दिया।ऑपरेशन में शामिल संयुक्त बलों में सेना के जवान, पुलिस और विशेष इकाइयां शामिल हैं। अब तक, अधिकारियों ने पिछले चार दिनों में देश में फैली अशांति और हिंसा के सिलसिले में 1,300 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## लेबनान में इजरायली ड्रोन हमला, 6 की मौत, दो घायल

बेरूत,(आरएनएस)। लेबनान में इजरायली ड्रोन हमले में छह लोगों के मारे जाने और दो अन्य लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। यह हमला लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में जनता शहर के पास अल-शारा क्षेत्र को निशाना बनाकर किया गया।सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सरकारी समाचार एजेंसी (एनएनए) के हवाले से बताया कि इजरायली लड़ाकू विमान दक्षिणी लेबनान के ऊपर मध्यम ऊंचाई पर उड़ानें भर रहे थे। इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में सीमा क्षेत्र के पूर्वी इलाके में स्थित अदाइसेह गांव में विस्फोट अभियान चलाया।एनएनए के अनुसार, पश्चिमी और मध्य दक्षिणी लेबनान में कई नगर पालिकाओं ने लोगों को इजरायली बलों की ओर से छोड़ी गई बारूदी सुरंगों की मौजूदगी के बारे में चेतावनी जारी की। इनमें से कुछ को नागरिकों को निशाना बनाने वाले जाल में बदल दिया गया था।घंटों बाद, इजरायली सेना ने कहा कि उसकी वायु सेना ने बेका घाटी में हिजबुल्लाह के एक टारगेट को निशाना बनाया।इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया कि हमले ने हिजबुल्लाह से संबंधित हथियार निर्माण और भंडारण स्थल को निशाना बनाया। उसने इस जगह पर ऐसी गतिविधि को इजरायल और लेबनान के बीच समझ का व्यापक उल्लंघन बताया।

## यमन : सुरक्षा बलों ने हूती विद्रोहियों के हमलों को किया नाकाम, दो की मौत

अदन ,(आरएनएस)। यमन के सरकारी बलों ने देश के तेल समृद्ध प्रांत मारिब को निशाना बनाकर किए गए हूती समूह के कई हमलों को विफल कर दिया। इसमें दो हूती विद्रोही मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी सिन्हुआ को दी। स्थानीय सैन्य अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया, पिछले 48 घंटों के दौरान हूती विद्रोहियों ने तेल समृद्ध मारिब प्रांत पर हमले तेज कर दिए थे, जिसके जवाब में सरकारी बलों ने मारिब के कई युद्ध क्षेत्रों में अभियान चलाया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अधिकारी ने कहा कि सरकारी बलों ने उत्तरी मारिब में राघवान मोर्चे पर हूती आक्रमणों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। इससे हूती विद्रोहियों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हूतियों को तगड़ा नुकसान हुआ है।

सरकारी अधिकारी ने हूती विद्रोहियों पर भारी तोपखाने, कत्यूषा रॉकेट, ड्रोन और स्नाइपर्स सहित कई हथियार प्रणालियों का उपयोग करके आक्रामक कार्रवाई जारी रखने का आरोप लगाया।

हूती समूह ने मारिब में इन कथित सैन्य घटनाक्रमों पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं की है।

यमन के सबसे बड़े तेल क्षेत्रों का घर मारिब प्रांत हाल के वर्षों में तेज लड़ाई का केंद्र बिंदु रहा है। इसमें हूती बलों ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण बाहरी क्षेत्रों पर नियंत्रण कर लिया है। हालांकि, अप्रैल 2022 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से छह महीने तक चलने वाले युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से झड़पों में कमी आई है।

हालांकि युद्धविराम आधिकारिक तौर पर अक्टूबर 2022 में समाप्त हो गया, लेकिन अधिकांश सीमाओं पर लड़ाई अपेक्षाकृत कम रही है। अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मध्यस्थों ने संघर्ष विराम को बहाल करने और लंबे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर देने के प्रयास जारी रखे हैं।

## हमास नेताओं से मिले ईरान के सर्वोच्च नेता, कहा - आपने इजरायल को हराया

तेहरान,(आरएनएस)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शनिवार को तेहरान में हमास के कार्यवाहक नेता खलील अल-हय्या और फिलिस्तीनी समूह के दो अन्य नेताओं से मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी राज्य टीवी ने यह जानकारी दी।

खामेनेई, ने फिलिस्तीनी प्रतिनिधिमंडल से कहा, आपने जायोनी शासन [इजरायल] को हराया, जो वास्तव में अमेरिका की हार थी। आपने उन्हें उनके किसी भी लक्ष्य को हासिल करने नहीं दिया।

ईरानी टीवी ने कहा कि फिलिस्तीनी नेता 1979 की ईरानी क्रांति की वर्षगांठ पर खामेनेई को बधाई देने के लिए तेहरान में थे। उन्होंने ईरान के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।प्रतिनिधिमंडल में हमास के नेतृत्व परिषद के प्रमुख मोहम्मद दरवेश और हमास के शीर्ष अधिकारी निजार अवदल्लाह भी शामिल थे। उन्होंने खामेनेई को गाजा और पश्चिमी तट की मौजूदा स्थिति और हासिल की गई जीत और सफलताओं पर एक रिपोर्ट सौंपी।ईरानी मीडिया के मुताबिक खामेनेई ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी धमकियों का हमारे राष्ट्र की मानसिकता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।ईरान हमास का समर्थक रहा है। गाजा युद्ध के दौरान भी वह फिलिस्तीनी ग्रुप के साथ खड़ा रहा।इस बीच हमास ने गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत शनिवार को तीन औरइजरायली पुरुष बंधकों को गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत मुक्त कर दिया। तीनों को 7 अक्टूबर के हमले के दौरान हमास के लड़ाकों ने बंधक बनाया था। इसके बदले में शनिवार को इजरायल 183 फिलिस्तीनियों कैदियों को रिहा करने वाला है।

# राष्ट्रपति ट्रंप का एक और बड़ा ऐलान, स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का लिया फैसला




वाशिंगटन ,(आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप जब से अमेरिका के राष्टपित बने हैं उन्होंने अपने फैसलों से सबक चौंकाया है। उनके फैसलों का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। अब डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया एलान किया है, उन्होंने कहा है कि वे स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। इस संबंध में ट्रंप जल्द ही आधिकारिक एलान करेंगे।

मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि वे विभिन्न देशों पर पारस्परिक टैरिफ भी लगाएंगे। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि वे किस पर पारस्परिक टैरिफ लगाने जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने इसके संकेत दिए कि जो भी देश अमेरिका पर ज्यादा टैरिफ लगाता है, वे भी उस देश पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी स्टील पर 25 प्रतिशत और एल्युमीनियम पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था।स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ लगाने के ट्रंप के फैसले से जो देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे, उनमें कनाडा, मेक्सिको और ब्राजील का नाम शामिल है। आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका अपना स्टील सबसे ज्यादा कनाडा, ब्राजील और मेक्सिको से ही मंगवाता है। इनके अलावा अमेरिका दक्षिण कोरिया, वियतनाम से भी स्टील मंगवाता है तो ट्रंप के टैरिफ लगाने के फैसले से ये देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।गौरतलब है कि ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको पर बीते दिनों 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था। हालांकि बाद में ट्रंप ने दोनों देशों पर टैरिफ लगाने के अपने फैसले को 30 दिनों के लिए टाल दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप फार्मास्यूटिकल, तेल और सेमीकंडक्टर जैसी चीजों पर भी टैरिफ लगा सकते हैं और फिलहाल इस पर विचार हो रहा है।

## गाजा का नेत्जारिम कॉरिडोर क्या है ? जहां से इजरायली सेना को करनी पड़ी वापसी



तेल अवीव (ए)। इजरायली सैनिकों ने नेत्जारिम कॉरिडोर से वापसी कर ली है। सैकड़ों फिलिस्तीनी कारों, गद्दों और अन्य सामानों से लदे ठेलों में सवार होकर उत्तरी गाजा की ओर लौटने लगे हैं। इजरायली सेना की वापसी पिछले महीने इजरायल और हमास के बीच हुए युद्ध विराम समझौते के पहले चरण के तहत हुई है।नेत्जारिम कॉरिडोर एक ऐसा सैन्य है जो गाजा पट्टी के उत्तरी भाग को दक्षिणी भाग से अलग करता है। गाजा युद्ध विराम समझौते के अनुसार, वापसी की समय सीमा 9 फरवरी थी।अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने गाजा पर अपने युद्ध की शुरुआत में इस गलियारे का निर्माण किया था। यह एक बंद सैन्य क्षेत्र है जो इजरायल की गाजा सीमा से भूमध्य सागर तक फैला हुआ है और लगभग 6 किमी (3.7 मील) चौड़ा है। यह गलियारा इजरायली सेना का रणनीतिक कदम था - जिससे उसे पहुंच, नियंत्रण और निगरानी मिल गई।रविवार को हमास के एक अधिकारी ने सलाह अल-दीन स्ट्रीट का जिक्र करते हुए कहा, इजरायली बलों ने अपने ठिकानों और सैन्य चौकियों को ध्वस्त कर दिया है और सलाहेद्दीन रोड पर नेत्जारिम कॉरिडोर से अपने टैंकों को पूरी तरह से हटा लिया है, जिससे वाहनों को दोनों दिशाओं में स्वतंत्र रूप से गुजरने की अनुमति मिल गई है।

# आमजन को मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं- कलेक्टर बालागुरु के.

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़े वास्तविक हों और धरातल पर भी दिखाई दें



सीहोर( निप्र)। जिले के नागरिकों को त्वरित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में चलाए जाने वाले विभिन्न अभियानों तथा कार्यक्रमों को प्रभावी तथा व्यापक स्तर पर चलाया जाए। यह बात कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार और उपचार करें। ताकि नागरिकों का शासकीय अस्पतालों के प्रति विश्वास दृढ़ हो। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक घटक की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाए और लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी बीएमओ को निर्देश दिए कि विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नियमित समीक्षा करें और निरंतर सुधार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजनों में होने वाली मौसमी बीमारियों एवं गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच एवं उनका पंजीयन का डाटा अपडेट किया जाए। बाल एवं मातृ मृत्यु दर की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा जिले में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने का कार्य हमारी प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए परिवार कल्याण अभियान के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने सीएमएचओ एवं अन्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के सभी अस्पतालों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त दवाइयां एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराएं। उन्होने कहा कि अभियान के माध्यम से 70 वर्ष एवं अधिक आयु के समस्त पात्र वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही तेजी से करें। इसके लिए सीएचओ को भी जिम्मेदारी सौंपी जाए। उन्होंने सभी सीएचओ के कार्यों की नियमित समीक्षा के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले में समय समय पर शासन के निर्देशानुसार जो भी अभियान एवं कार्यक्रम चलाए जाते हैं, उनका संचालन प्रभावी और व्यापक हो, ताकि नागरिकों को इनका लाभ मिले और अभियान का संचालन सार्थक हो। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो आंकड़े प्रस्तुत किए जाते हैं, वे वास्तविक हों और धरातल पर भी दिखाई दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जांच एवं उपचार, कायाकल्प, मातृ शिशु कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, पोषण पुनर्वास, एनएनसीयू, सीएम हेल्पलाइन, आईडीएसपी, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम सहित अन्य अभियानों एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की।

# चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति में महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

## श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान की



सीहोर(निप्र)। शहर के छावनी स्थित प्राचीन चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में जारी सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान की। इस मौके पर नगर पुरोहित यज्ञाचार्य पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे सहित अन्य विप्रजन उपस्थित थे। इस मौके पर पंडित श्री दुबे ने कहा कि मंदिर समिति के तत्वाधान में महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रतिदिन नित्य पूजन के अलावा यहां पर मूर्तियों को प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन पूर्ण विधि-विधान से किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि क्षेत्रवासियों के अलावा समिति के सहयोग से सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन पूरे भव्य रूप से किया गया। महोत्सव में पंडित चेतन उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे। पंडित श्री उपाध्याय ने बताया कि प्राचीन मंदिर परिसर को पूर्ण रूप से सजाया गया है, इसके पश्चात भगवान शिव परिवार के अलावा हनुमान जी की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है।

महोत्सव की शुरूआत गत चार फरवरी को हुई थी, इस मौके पर कलश यात्रा निकाली गई थी। वहीं सोमवार को प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। छावनी क्षेत्र में मंदिर काफी प्राचीन है और हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है।

# एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी

सीहोर (निप्र)। अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनातर्गत एमपीटास पोर्टल पर पीएमएस मॉडयूल के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक सत्र 2021-22 नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन अप्लाई करने के लिए पोर्टल खुलने की तिथी 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनांतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन करने के लिए अंतिम बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। पहले अंतिम तिथी 31 जनवरी निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़कर 15 फरवरी कर दिया गया है। सभी संस्थाओं को शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 (पीएमएस एवं आवास) के लिए सभी पात्र विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# विश्वकर्माजी के आशिर्वाद से समाज बन रहा है समृद्धशाली : विधायक राय

## प्रकटोत्सव शोभायात्रा चल समारोह में विधायक सुदेश राय शामिल हुए



सीहोर (निप्र)। सृष्टी के निर्माता है भगवान विश्वकर्माजी के आशिर्वाद से समाज निरंतर समृद्धशाली बन रहा है। विश्वकर्मा बंधु हर क्षेत्र में प्रगति रहे है। देश के नव निर्माण में भी विश्वकर्मा समाजजनों का महत्वपूर्ण योगदान है स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा योजना प्रारंभ कर समाजजनों को और भी मजबूत कर दिया है उक्त बात विधायक सुदेश राय ने सोमवार को विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के द्वारा भगवान विश्वकर्मा प्रकटत्सव के उपलक्ष्य में निकाले गए चल समारोह में सम्मिलित होकर कहीं। इस दौरान विधायक सुदेश राय ने अटल बिहारी वाजपेयी चौराह पर पुष्पों की वर्षाकर चल समारोह में शामिल समाजबधुओं का स्वागत किया और विश्वकर्मा प्रकट महोत्सव की शुभकामनाऐं दी। विश्वकर्मा समाज सेवा समिति अध्यक्ष शेलेंद्र विश्वकर्मा और चल समारोह शोभायात्रा अध्यक्ष इंजीनियर जितेंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में समाज बंधुओं के द्वारा विधायक सुदेश राय का फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर लखनलाल विश्वकर्मा,गोरीशंकर विश्वकर्मा,मदन मोहन मालवीया, राकेश विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा,भानू प्रकाश गौड, पवन विश्वकर्मा. डॉ. अशोक विश्वकर्मा,गिरजेश विश्वकर्मा,गिरजेश विश्वकर्मा, प्रेम विश्वकर्मा, सुदेन विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा,राजेश विश्वकर्मा, हेमन्त विश्वकर्मा संतोष विश्वकर्मा,राजेश विश्वकर्मा,रोहित विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जिले में प्रभावी रूप से कुष्ठ उन्मूलन अभियान चलाने के दिए निर्देश

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने पूरे जिले में प्रभावी एवं व्यापक स्तर पर कुष्ठ उन्मूलन अभियान एवं स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में जिले मे अभी तक इस अभियान की प्रगति की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 13 फरवरी 2025 तक चलाया जा रहा है। जिसमे कुष्ठ रोग के बारे में आमजन को जानकारी प्रदान की जा रही है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले में सभी कुष्ठ रोगियों का शीघ्र पता लगाना और एमडीटी का उपयोग प्रारंभ करके निर्धारित उपचार पूरा कर कुष्ठ का प्रभाव कम किया जा सकता है। जिससे समाज में कुष्ठ के प्रति व्याप्त गलत धारणाओं को दूर करना तथा कुष्ठ के कारण होने वाली शारीरिक दिव्यांगता को कम किया जा सकता है। बैठक में बताया गया कि कुष्ठ रोग कैसे फैलता है। यह लंबे समय तक बना रहने वाला क्रोनिक संक्रामक रोग है, इसमे त्वचा पर हल्के सुन्न दाग के रूप में प्रकट होते है। बैठक के समापन अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सभी अधिकारियों ने कुष्ठ मुक्त जिला बनाने की शपथ दिलाई।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/395/ खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनाँक 05/02/2025

**प्रथम सूचना**

**( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. अश्वनी शर्मा, आ. श्री रामसिया शर्मा, निवासी गजानंद महाराज मंदिर जी 3/35 कोलार रोड, भोपाल** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपटटा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर **ऑनलाईन आवेदन पत्र कमांक 35600 दिनांक 20.01.2025** को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | नवलपुरा | 61/1 | 4.000 हे. | शासकीय | मुरूम | कुल रकबा 5.333 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 5.333 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृत्ति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/22784/24

उपसंचालक
खनिज प्रशासन
जिला-सीहोर

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


# पीपीसीए अकादमी सीहोर ने विदिशा को 33 रन से हराया

## वीर ने जड़ा अर्दशतक, नैतिक ने 4 विकेट और महेन्द्र ने झटक 3 विकेट



सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर सोमवार को पीपीसीए सीहोर और विदिशा के मध्य मुकाबला खेला गया। इस एक तरफा मुकाबले में पीपीसीए सीहोर ने विदिशा को 33 रन से हराया। मुकाबले के दौरान शहर के प्रतिभाशाली बल्लेबाज वीर गावा ने 55 गेंद पर 67 रन के अलावा गेंदबाज नैतिक गोहिया ने 4 विकेट और महेन्द्र गोहिया ने 3 विकेट हासिल किए थे। मैच के अंत में पीपीसए के कोच अतुल त्रिवेदी, मनोज दीक्षित मामा और जिला संस्कार मंच के धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए ने 38 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 245 रन बनाए थे। इसमें वीर गावा ने नौ चौकों की सहायता से 55 गेंद में 67 रन, भावेश त्यगाी ने 27 रन, हिमांशु चंद्रवंशी ने 26 रन, राजेश साहु ने 17 रन, सहाज ने 39 रन और आदर्श मेवाड़ा ने 10 रन की पारी खेली।

वहीं विदिशा की ओर से गेंदबाजी करते हुए चंदु राजपूत ने 8 ओवर में 44 रन देकर 3 विकेट, नैतिक कुमार ने 8 ओवर में 47 रन देकर 3 विकेट और विजय चौकसे फैजान ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदिशा की टीम 35 ओवर में 212 रन पर सिमट गई। इसमें चंदु राजपूत ने 12 रन, सौरभ लौधी ने 16 रन, विजय चौकसे ने 69 रन, नैतिक कुमार ने 52 रन, जितेन्द्र अहिरवार ने 11 रन और गद्दू रेकवार ने 13 रन बनाए थे। इधर पीपीसीए अकादमी सीहोर की ओर से नैतिक ने 8 ओवर में 32 रन देकर 4 विकेट, महेन्द्र गोहिया ने 5 ओवर में 37 रन देकर 3 विकेट, बिल्ला ने 2 विकेट के अलावा राजेन्द्र गौर ने 1 विकेट हासिल किया।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

सीहोर( निप्र)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 सीहोर जिला मुख्यालय के 03 परीक्षा केंद्रों पर 16 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा के सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में जिले के 1106 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा संपन्न कराने एवं परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है।


## कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, भैरुंदा (नसरुल्लागंज) सीहोर म0प्र0

**Naac Accredited B Grade**

क्रमांक/1715/2025 भैरूंदा दिनांक 07.02.2025

**//विज्ञप्ति//**

शासकीय महाविद्यालय भैरूंदा जिला-सीहोर में दो मंजिला भवन के कुल 23 कक्षों में (अन्दर-बाहर, छत मय) के पुताई कार्य कराया जाना है। पंजीकृत फर्मो/ठेकेदार (सी प्रमाण-पत्र धारित) उक्त कार्य हेतु दरों के शील्ड बंद कोटेशन विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से 07 दिवस के अन्दर फर्म एवं ठेकेदार स्थल अवलोकन कर अपनी दरें नियत अवधि में कार्यालय में जमा करा सकते है। नियत अवधि के पश्चात् कोटेशन अस्वीकार किये जावेंगे। दरें स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय प्राचार्य का रहेगा।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय
भैरूंदा ( नसरूल्लागंज )सीहोर


# थाना भैरुंदा पुलिस द्वारा शासकीय महाविद्यालय भैरुंदा में "सेफ क्लिक" साइबर सुरक्षा अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया



भैरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। अभियान को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी एवं पुलिस स्टॉफ द्वारा शासकीय महाविद्यालय भैरूंदा, साइबर क्राइम अवेयरनेस से सम्बंधित पंपलेट एवं बैनर लगाए गए। साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का कार्यक्रम किया गया जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सेफ क्लिक, सेफ इंटरनेट उपयोग, साइबर अपराध, साइबर अपराध से बचने के तरीके, आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल मीडिया के उपयोग करने में बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षित उपयोग के बारे में भी चर्चा की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर भारत हरियाले एवं छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/380/ खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनाँक 05/02/2025

**प्रथम सूचना**

**( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. अश्वनी शर्मा, आ. श्री रामसिया शर्मा, निवासी गजानंद महाराज मंदिर जी 3/35 कोलार रोड, भोपाल** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपटटा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर **ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक 35590 दिनांक 18.01.2025** को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | बामलादढ़ | 39/1 | 4.000 हे. | शासकीय | मुरूम | कुल रकबा 4.911 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 4.911 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृत्ति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/22859/24

उपसंचालक
खनिज प्रशासन
जिला-सीहोर

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/380/ खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनाँक 05/02/2025

**प्रथम सूचना**

**( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. अश्वनी शर्मा, आ. श्री रामसिया शर्मा, निवासी गजानंद महाराज मंदिर जी 3/35 कोलार रोड, भोपाल** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपटटा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर **ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक 35590 दिनांक 18.01.2025** को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | नवलपुरा | 39/1 | 4.000 हे. | शासकीय | मुरूम | कुल रकबा 4.911 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 4.911 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृत्ति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/22873/24

उपसंचालक
खनिज प्रशासन
जिला-सीहोर

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com